


मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 36
अंक : 273
भोपाल, शनिवार
13 दिसम्बर 2025
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com


03 संतों ने तप, त्याग और उपवास की गौरवगाथा का किया गुणगान

भारत की पहली यूसीआई 2.2 रेस ने आकर्षित किए 4 महाद्वीप 06

## मोहन सरकार के विकास और सेवा के 2 वर्ष पूरे होने पर सौगात

## भोपाल-इंदौर-उज्जैन रूट पर सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार का भूमिपूजन



भोपाल ■ अमृत दर्शन

मोहन सरकार के विकास और सेवा के दो वर्ष पूरे होने पर आज भोपाल-इंदौर-उज्जैन रूट पर सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार का भूमिपूजन किया गया। हरिहर नगर (फंदा) में सीएम डॉ. मोहन यादव ने इस द्वार की नींव रखी।

पांच करोड़ की लागत से बनने वाला यह प्रवेश द्वार भारतीय कलाकृति का एक भव्य नमूना होगा, जिसमें 24.4 फीट ऊंचे गेट के शीर्ष पर सम्राट विक्रमादित्य की प्रतिमा होगी। फंदा में सिक्स लेन सड़क पर तीन पिलर पर यह प्रवेश द्वार बनेगा, जिसकी कुल चौड़ाई 30 मीटर होगी और इसमें 5 मीटर का सेंट्रल वर्ज ग्रीनरी शामिल है। बीच वाले पिलर के ठीक ऊपर विक्रमादित्य की सिंहासन पर बैठी हुई प्रतिमा स्थापित की जाएगी। भोपाल के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर महापुरुषों के हेरिटेज द्वार बनाए जाएंगे, जो शहर के गौरवशाली अतीत और संस्कृति से जोड़ेंगे। इन प्रवेश मार्गों को सम्राट अशोक, राजा भोज, राजा विक्रमादित्य, मां नर्मदा सहित अन्य महापुरुषों के नाम से जाना जाएगा।

### ये भी रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी, बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, जिलाध्यक्ष तीरथ मीणा, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट आदि भी मौजूद थे।

### गौरवशाली विरासत को संजोने की पहल

भोपाल-इंदौर स्टेट हाइवे पर बनने वाले सम्राट विक्रमादित्य प्रवेश द्वार का उद्देश्य प्रदेश की गौरवशाली ऐतिहासिक परंपरा को आधुनिक नगरीय संरचना से जोड़ना है। यह प्रवेश द्वार सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य, न्यायप्रियता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक होगा जो भोपाल की ऐतिहासिक पहचान को मजबूती देने के साथ सौंदर्यीकरण और शहरी विकास को भी नई दिशा प्रदान करेगा।

### ई-बस सेवा योजना से बढ़ेगी कनेक्टिविटी और सुविधा

दूसरी परियोजना प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत भोपाल में बनने वाला प्रदेश का सबसे बड़ा और आधुनिक ई-बस डिपो है। जिसका सीएम ने भूमिपूजन किया। यह डिपो पूरी तरह से पर्यावरण अनुकूल होगा जिसमें सोलर पावर, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, चार्जिंग स्टेशन और आधुनिक रखरखाव जैसी कई सुविधाएं होंगी। इस डिपो से शुरुआत में 100 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होगा, जिससे भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण-मुक्त और कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से प्रदूषण में कमी आने के साथ ही यात्रियों को आधुनिक और किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।



मुंबई में बीएमडब्ल्यू कार से टक्कर मारकर भागने वाले पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## शीर्ष कोर्ट बोला-ऐसे लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत

नई दिल्ली ■ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2024 में मुंबई में बीएमडब्ल्यू कार से टक्कर मारकर भागने के आरोपी मिहिर शाह की जमानत याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि ऐसे लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि माता-पिता जिम्मेदार हैं। हम अपने बच्चों को सही शिक्षा नहीं दे पाए हैं। जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजी मसीह की बेंच शाह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें उसने बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने गौर किया कि शाह एक धनी परिवार से ताल्लुक रखते हैं और उनके व्यवसायी पिता राजेश शाह, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पूर्व नेता हैं। बेंच ने आरोपी के आचरण पर नाराजगी जताते हुए कहा, वह क्या करता है? वह देर रात मर्सिडीज में घर आता है, उसे शेड में पार्क करता है, बीएमडब्ल्यू लेता है, उसे दुर्घटनाग्रस्त कर देता है और फरार हो जाता है। इस मामले में, उसे जेल में ही रहने दो।

## सीहोर में तेज रफ्तार थार ने 4 लोगों को रौंदा, एक की मौत

**महिला एसआई सस्पेंड**

**सीहोर।** जिले में कल शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। महिला सब इंस्पेक्टर की तेज रफ्तार थार ने चार लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का वीडियो शनिवार सुबह सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया, जिसके बाद महिला एसआई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सस्पेंड कर दिया गया। हादसा इंदौर-भोपाल हाईवे पर बिलकिसगंज चौराहे के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, थार वाहन पहले सड़क किनारे बैठे कंबल बेचने वाले लोगों से टकराया और इसके बाद आगे जाकर दो बाइक सवारों को भी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि एक व्यक्ति ने मौके पर दम तोड़ दिया, जबकि अन्य तीन घायल गंभीर हालत में सड़क पर पड़े रहे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की नजर



## शिवराज के भोपाल-दिल्ली बंगले की सुरक्षा कड़ी, बैरिकेटिंग की गई




केंद्रीय गृह मंत्रालय को मिले इनपुट के बाद लिया गया फैसला, भोपाल और दिल्ली में अलर्ट

भोपाल ■ अमृत दर्शन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को मिले विशेष इनपुट के बाद भोपाल और दिल्ली, दोनों जगह उनकी सुरक्षा रिंग बढ़ा दी गई है। कल देर रात से ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं और उनके आवासों के आसपास अतिरिक्त इंतजाम किए गए। भोपाल में 74 बंगला क्षेत्र स्थित बी-8 सरकारी आवास के चारों ओर पुलिस ने अतिरिक्त बैरिकेडिंग की है। बंगले के सामने आने-जाने वाले रास्तों पर निगरानी बढ़ाई गई है और पुलिस बल की संख्या भी बढ़ाई गई। देर रात से ही इलाके में पुलिस की मौजूदगी साफ नजर आई। शिवराज सिंह चौहान पहले से ही जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है।

### पत्र से खुलासा

सुरक्षा बढ़ाने को लेकर जारी गृह मंत्रालय के पत्र के मुताबिक केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बारे में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने जानकारी हासिल करने में दिलचस्पी दिखाई है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी की सलाह से केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई है। पत्र में कहा गया है कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था को उचित रूप से समायोजित करें।

### दिल्ली आवास पर भी सख्त सुरक्षा व्यवस्था

दिल्ली स्थित शिवराज चौहान के सरकारी आवास पर भी सुरक्षा को और पुख्ता किया गया है। स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की और तैनाती बढ़ाई। आने-जाने वाले वाहनों और लोगों की सघन जांच की जा रही है। नए इनपुट को गंभीरता से लेते हुए गृह मंत्रालय ने मध्यप्रदेश के डीजीप, दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त और मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव को सुरक्षा और मजबूत करने के निर्देश जारी किए हैं। सूत्रों के अनुसार, इनपुट मिलने के तुरंत बाद भोपाल और दिल्ली दोनों शहरों में सुरक्षा एजेंसियों ने अलर्ट लेवल बढ़ा दिया। सुरक्षा घेरे की परतों को मजबूत किया गया और निगरानी बढ़ाई गई।

### पत्रकारों को हाई कोर्ट से सुरक्षा

## सागर में पुलिस पर लगे आरोपों की सीबीआई जांच के आदेश

जबलपुर ■ अमृत दर्शन

**प्रशासन और पुलिस से जवाब तलब**


सागर जिले में पुलिस थानों से जुड़ी कथित आपराधिक गतिविधियों में संदिग्ध मिलीभगत को लेकर सामने आए स्टिंग मामले में मप्र हाई कोट ने बड़ा कदम उठाया है। अदालत ने न सिर्फ पत्रकारों को अंतरिम राहत दी है, बल्कि पूरे मामले की जांच के लिए सीबीआई को भी नोटिस जारी कर दिया है। जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने तीनों पत्रकारों के खिलाफ किसी भी तरह की दमनात्मक कार्रवाई न करने का अंतरिम आदेश दिया है। अदालत ने माना कि स्टिंग के बाद पत्रकारों को झूठे मामलों में फंसाए जाने और गिरफ्तारी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई है।

हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक डीजीपी और प्रमुख सचिव गृह व विधि को नोटिस जारी कर चार हफ्तों में जवाब मांगा है। अदालत यह जानना चाहती है कि पुलिस थानों में अवैध गतिविधियों के आरोपों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई। याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने बताया कि सीबीआई को भी नोटिस जारी किया गया है। सीबीआई अपनी स्वतंत्र जांच कर रिपोर्ट हाई कोर्ट में प्रस्तुत करेगी।

### कौन-कौन बनाए गए पक्षकार

याचिका में सागर आईजी, हिमानी खन्ना, एसपी विकास सहवाल के अलावा गोपालगंज थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह कुशवाहा, मोतीनगर के जसवंत सिंह, बहेरिया के गजेंद्र सिंह और मकरोनिया के आरएस सिंह को व्यक्तिगत रूप से पक्षकार बनाया गया है। मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी 2026 को निर्धारित की गई है।

### अंतर्मना उवाच



***चार बातों का लोगों के जीवन में एहसान करो.. तो जिंदगी बेहतरीन बन सकती है..!***

*(1) लाभ नहीं दे सकते तो हानि भी मत पहुंचाओ। (2) खुशी नहीं दे सकते तो दु:ख भी मत पहुंचाओ। (3) अच्छा नहीं बोल सकते तो बुरा भी मत बोलो। (4) समर्पण नहीं कर सकते तो अहंकार भी मत करो।*

***क्योंकि --***

- *अहंकार व्यक्ति को भीतर से खोखला बना देता है।*
- *अहंकारी व्यक्ति दूसरे को तुच्छ ही समझता है।*
- *अहंकार में व्यक्ति अंधा और बहरा हो जाता है।*
- *अहंकार में व्यक्ति उल्टे सीधे काम करने लग जाता है और एक दिन वही कार्य दु:ख में कारण बन जाता है।*

***अहंकारियों इतिहास साक्षी है** – जैसे रावण, बाली, कंस और दुर्योधन आदि ऐसे नामी नाम है जिनके बारे में अहंकारी के अलावा सब जानते हैं। सब जानते हैं उनके विनाश का कारण उनका अहंकार ही था। **अहंकारी व्यक्ति के इर्द-गिर्द चापलूस, स्वार्थी लोगों का घेरा बन जाता है।** ऐसे लोग झूठी प्रशंसा करके उनके मान को पुष्ट करते हैं। इसलिए **हमारे आचार्यों ने कहा - सरलता, सहजता, विनम्रता से बढ़कर जीवन में सफलता का दूसरा कोई सूत्र नहीं है...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में हादसा

## हाईवे पर खड़ी वैन में जा घुसी थार, दंपती सहित 3 की मौत

**नीमच के स्कूल संचालक पति-पत्नी की मौके पर मौत**

नीमच ■ एजेंसी

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में वैन खड़ी पिकअप से जा टकराई। पीछे से आ रही थार भी वैन में घुस गई। हादसे में वैन में सवार स्कूल संचालक पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद थार ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। हादसा नेशनल हाईवे 56 पर निंबाहेड़ा के पास कल रात करीब 11 बजे हुआ। सदर थाना प्रभारी संजय शर्मा ने बताया- हादसे में वैन में सवार दंपती लखन मालू (40) और पत्नी सरिता मालू (36) निवासी सरवानिया महाराज, नीमच मध्यप्रदेश, पिकअप ड्राइवर बसंती लाल प्रजापत (35) निवासी भून्या खेड़ी मंदसौर



की मौत हो गई। पिकअप में सवार हस्तीमल पामेचा घायल हो गया, उसे गंभीर हालत में चित्तौड़गढ़ रेफर किया गया है। थाना प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि रात को वसुंधरा मल्टी के सामने एक पिकअप में खराबी आ जाने के कारण खड़ी थी। ड्राइवर उसे ठीक करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की तरफ से वैन आई और पीछे से पिकअप से जा टकराई।

### मेसी के फैंस का हंगामा

## स्टेडियम से जल्दी जाने पर भड़के, कुर्सियां और बोतलें फेंकीं

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी तीन दिन की यात्रा पर भारत आए हुए हैं जिसकी शुरुआत कोलकाता से हुई, मेसी के जीओएटी टूर के कोलकाता लीग मे दौरान जो सेलीब्रेशन होना था वो नहीं हो पाया और 10 मिनट में ही स्टेडियम से चले गए।

इसके बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल फैल गया और वेन्यू के अंदर फैंस ने जमकर बवाल काटा। दर्शकों ने पानी की बोतलें मैदान पर फेंकी साथ ही वहां पर लगे टेंट को भी उखाड़ते पाए गए।

### हिरण शिकार मामला

## गिरफ्तारी के लिए पहुंची टीम पर ग्रामीणों ने किया पथराव

सीहोर ■ अमृत दर्शन

सीहोर जिले के सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के पीथापुरा गांव में देर रात हिरण शिकार प्रकरण के आरोपियों की तलाश में गई वन विभाग की टीम और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। हिरण का मांस बरामद होने के बाद से फरार चल रहे मुख्य आरोपी कान्हा, रघुवीर और अन्य की जानकारी मिलने पर दल ने गांव में दबिश दी। गिरफ्तारी से पहले ही गांव का माहौल बिगड़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। हल्की नोकझोंक शुरू हुई जो कुछ ही मिनटों में मारपीट और हंगामे में बदल गई।



**थाने का किया घेराव, अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज**


वन विभाग का कहना है कि जैसे ही टीम ने आरोपियों की तलाश में गांव में प्रवेश किया, भीड़ इकट्ठी होने लगी। ग्रामीणों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए अचानक तेज आवाजों के साथ पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के केस दर्ज किया है। ग्रामीणों ने भी थारे का घेराव किया है।

### संसद हमले की 24वीं बरसी

## पीएम मोदी-राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली ■ एजेंसी

आज संसद हमले की 24वीं बरसी पर देश अपने वीर सपूतों को याद कर रहा है, जिन्होंने बिना अपनी जान की परवाह करते हुए आतंकियों के मंसूबे को नाकाम किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और अन्य सांसदों और इस हमले में शहीद सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि दीं और उनके बलिदान को याद किया।



संसद हमले में कई सुरक्षा कर्मी शहीद हुए थे और देशभर में इस घटना को देश की सुरक्षा और शौर्य की याद के रूप में याद किया जाता है। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित समारोह में सभी नेताओं ने फूल चढ़ाकर और श्रद्धांजलि देकर शहीद सुरक्षा कर्मियों के अदम्य साहस और बलिदान को सम्मानित किया। इस अवसर पर संसद परिसर में गणमान्य व्यक्तियों और सुरक्षा अधिकारियों की भी उपस्थिति रही और देशभर में शहीदों को याद कर उनके बलिदान को सलाम किया गया।

### भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए आभारी रहेगा

इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज के दिन हमारा देश 2001 में संसद पर हुए भयानक हमले में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को याद करता है। इस संकटपूर्ण समय में उनके साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय थी। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए आभारी रहेगा।

### शहीद सुरक्षा कर्मी के परिवार ने कहा- हमें गर्व है

2001 के संसद हमले की बरसी पर शहीद सुरक्षा कर्मी के परिवार ने देशभक्ति की भावनाएं व्यक्त की हैं। शहीद के परिवार का कहना है कि हमें फोन आया कि संसद में आतंकवादी हमला हुआ है और उन्हें गोली लगी है, लेकिन उनकी सटीक स्थिति नहीं पता थी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि उन्होंने देश की संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए।

### इंडिगो एयरलाइंस का बड़ा फैसला

## 3-5 दिसंबर में एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों को मिलेगा 500 करोड़ से अधिक का रिफंड

नई दिल्ली ■ एजेंसी



देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो अपने यात्रियों को मुआवजा देने की घोषणा की है। इंडिगो उन सभी यात्रियों को मुआवजा राशि देगी, जो 3, 4 और 5 दिसंबर को उड़ान रद होने या अधिक देरी होने से एयरपोर्ट पर फंसे रहे। इंडियो द्वारा यात्रियों को 500 करोड़ से अधिक का मुआवजा दिया जाएगा। इंडिगो एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि वह 3, 4 और 5 दिसंबर की उन सभी प्रभावित उड़ानों की पहचान कर रही है। इसके बाद जनवरी 2026 से यात्रियों से सीधे संपर्क करके रिफंड व मुआवजा प्रक्रिया शुरू करेगी। इंडिगो ने इसे पारदर्शी, आसान और परेशानी-मुक्त बनाने का वादा किया है। एक्स पर एयरलाइन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि हमारा लक्ष्य इस प्रक्रिया (रिफंड की) को आपके लिए यथासंभव पारदर्शी, आसान और परेशानी मुक्त बनाना है। हम उन ग्राहकों को 500 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा प्रदान करेंगे, जिनकी उड़ानें प्रस्थान समय से 24 घंटे के भीतर रद कर दी गईं या कछ ऐसे ग्राहक जो एयरपोर्ट पर लंबे समय तक फंसे हुए थे। आज भी कुछ जगह उड़ाने निरस्त हुई हैं।

### सड़क सुरक्षा, तकनीकी सुधार के साथ सख्त पालन पर दिया जोर

# नर्मदापुरम से शिवपुर तक सड़क दुर्घटना स्थलों का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण, सुधार पर जोर

**सिवनी मालवा ■ निसं**

नर्मदापुरम से सिवनी मालवा और शिवपुर थाना क्षेत्र तक पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा ने गुरुवार को व्यापक स्तर पर दुर्घटना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डोलरिया, धर्मकुंडी, भीलटदेव, ओवरब्रिज बानापुरा, दो पीपल बाबा मोड़, बस स्टैंड चौराहा, नन्दरवाड़ा बायपास, शिवपुर मार्ग के दुर्घटना जैसे स्थलों का वर्ष के अंतिम महीनों में सड़क हादसों को देखते हुए यह विशेष समीक्षा की गई।



सिवनी मालवा आए पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा ने बताया कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण दुर्घटना स्थलों की पहचान की जा रही है। जहां-जहां अधिक हादसे दर्ज हुए हैं, वहां पहुंचकर सड़क की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता, यातायात दबाव, ब्लैक स्पॉट (जहा बार बार दुर्घनाएं होती हैं), खतरनाक मोड़, सिग्नल व्यवस्था और सड़क किनारे अवैध पार्किंग जैसी समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की।

**तकनीकी सुधार पर जोर दिया:** पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान नंदरवाड़ा रोड, बस स्टैंड चौराहे पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि दुर्घटनाएं कम करने के लिए सभी आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। जिन स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण, उचित साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर लगाने, स्पीड कंट्रोल व्यवस्था, बढ़ी हुई पुलिस पेट्रोलिंग या अन्य तकनीकी सुधारों की आवश्यकता होगी, वहां जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**यातायात नियंत्रण, नियमों के सख्त पालन पर ध्यान दे:** उन्होंने थाना क्षेत्र के स्टाफ को भी निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा जागरूकता, यातायात नियंत्रण और नियमों के सख्त पालन पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि आने वाले समय में दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस दौरान घटना के तथ्यों, परिस्थितियों और सड़क की स्थिति को देखा।

### मुस्लिम युवक हिंदू युवती के साथ होटल में ठहरा

# पत्नी का आधार कार्ड लगाया, हिंदू संगठन पुलिस संग पहुंचे, FIR

**उज्जैन ■ निसं**

उज्जैन में एक होटल में मुस्लिम युवक और हिंदू युवती के ठहरने का मामला सामने आया है। युवक ने होटल में कमरा लेने के लिए अपनी पत्नी का आधार कार्ड इस्तेमाल किया। सूचना मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पुलिस के साथ होटल पहुंचे, जिसके बाद युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

यह घटना शुक्रवार को महाकाल थाना क्षेत्र के गधा पुलिया स्थित हकीमी होटल की है। आगर निवासी शाकिर हुसैन (पिता मेहराजउद्दीन मंसूरी) 30 वर्षीय हिंदू युवती के



साथ होटल पहुंचा था। उसने युवती की पहचान छिपाने के लिए अपनी पत्नी रियाना मंसूरी का आधार कार्ड देकर कमरा नंबर 153 लिया था।

होटल संचालक अली अजगर को युवक पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने हिंदू जागरण मंच को सूचना दी। मंच के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन सिंह भदौरिया अपने कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस को लेकर होटल पहुंचे। इस दौरान मंच के मितेश खत्री, संजय विश्वकर्मा, कुलदीप लोहार और राहुल चंदेरी भी मौजूद थे। हिंदू जागरण मंच के संयोजक रितेश माहेश्वरी ने बताया कि शाकिर आगर में महाकाल अस्पताल में काम करता था, जहां उसका संपर्क युवती से हुआ था। युवती की शादी हो चुकी है। शाकिर का बड़ौद चौराहे पर लाइफलाइन नाम से मेडिकल स्टोर है। युवती ने अपने परिवार को महाकाल दर्शन का कहकर उज्जैन आने की बात कही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा अधिवक्ता संघ के 2 पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया हैं। अधिवक्ता संघ के सहसचिव कमल कौशल और ग्रंथपाल आदित्य असंगे एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने हस्ताक्षर कर इस्तीफा संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा को सौंपा। इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने इस्तीफे में लेख किया है कि अधिवक्ता संघ के चुनाव हर 2 वर्ष में होते है। पिछला चुनाव 25 अगस्त 2023 को सम्पन्न हुआ था। जिसके कार्यकाल को समाप्त हुए 04 माह व्यतीत हो चुके हैं। इसके बाद भी अधिवक्ता संघ के चुनाव नही कराए गए हैं। जिसके कारण सभी अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। उक्त वजह से हम पदाधिकारी और सदस्य सामूहिक तौर पर अपना इस्तीफा दे रहे हैं।

### म.प्र. प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक संपन्न

**खण्डवा।** म.प्र. प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सदस्य मुकेश कुमार शुक्ला तथा सचिव अक्षय कुमार सिंह के अलावा कलेक्टर ऋषव गुप्ता, अपर कलेक्टर मती सृष्टि देशमुख गौड़ा एवं जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन गौड़ा के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी एवं सभी प्रमुख विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। आयोग के अध्यक्ष मिश्रा ने इस अवसर पर बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए भौगोलिक परिस्थितियों और जन अपेक्षाओं के आधार पर जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग, जिला, तहसील और विकासखंड जैसी प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन की अनुशंसा के लिए आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन और युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य प्रशासकीय कार्यों की दक्षता को बढ़ाना और सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराना है।

### अवैध मदिरा विक्रय एवं निर्माण की शिकायत पर आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

**बड़वानी।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बड़वानी में जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायत जिसमें ग्राम पिपरी डेब की महिलाओं के द्वारा ग्राम पिपरी डेब में कुछ लोगों के द्वारा कच्ची मदिरा निर्माण एवं विक्रय की शिकायत की गई थी, जिसकी जांच के निर्देश कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह द्वारा दिये गये थे। उक्त निर्देश के परिपालन में 11 दिसम्बर को जिला आबकारी श्री आर.सी. बारोड़ के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी, श्री राजेश मण्डलोई के नेतृत्व में मय आबकारी बल ग्राम-पिपरी डेब में पहुँचकर गांव की 30-40 महिलाओं के समक्ष शिकायत में उल्लेखित अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय करने वाले लोगों के रिहायसी मकानों/किराणा दुकानों की विधिवत तलाशी ली गई।

### ऑनलाइन ठगी के छह आरोपी गिरफ्तार

# दुबई से संचालित हो रहा था नेटवर्क, 9.84 करोड़ रु. की धोखाधड़ी

**बैतूल ■ निसं**

बैतूल पुलिस ने दुबई से संचालित अवैध ऑनलाइन बेटिंग और साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश कर 9.84 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा किया है। अब तक 6 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने एटीएम कार्ड, पासबुक, मोबाइल और कार जब्त कर अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की जांच शुरू की है।

बैतूल जिले में पुलिस ने अवैध ऑनलाइन बेटिंग और साइबर ठगी चलाने वाले एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए 9.84 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का बड़ा मामला पकड़ा है। जांच में सामने आया है कि यह पूरा नेटवर्क दुबई से संचालित होता था और भारत में इसके लिए स्थानीय एजेंट काम कर रहे थे।

एसपी वीरेंद्र जैन ने बताया कि साइबर फ्रॉड से जुड़े एक पुराने मामले में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान कई नई जानकारियां मिलीं, जिसके आधार पर



अब तक कुल 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने इनके पास से 20 एटीएम कार्ड, कई पासबुक, चार मोबाइल फोन और लेन-देन से जुड़ा रिकॉर्ड जब्त किया है।

पहली कार्रवाई 20 नवंबर 2025 को हुई थी, जिसमें राजा उर्फ आयुष चौहान, अंकित राजपूत और नरेंद्र सिंह राजपूत गिरफ्तार किए गए थे। इसके बाद 7 दिसंबर 2025 को इंदौर निवासी अमित अग्रवाल को पकड़ा गया। जांच में यह बात सामने आई कि अंकित पूरे नेटवर्क का कैश ऑपरेटर था और अमित के माध्यम से उसकी मुलाकात ब्रजेश महाजन से हुई थी। 11 दिसंबर 2025 को पुलिस ने दो और मुख्य आरोपी राजेंद्र राजपूत और ब्रजेश महाजन को गिरफ्तार किया। राजेंद्र की भूमिका मूल खातों से पैसे निकालने और कैश ट्रांजेक्शन को आगे बढ़ाने में थी। उसके पास से बड़ी संख्या में एटीएम कार्ड और पासबुक बरामद हुए। ब्रजेश महाजन इस पूरे अवैध बेटिंग नेटवर्क का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। वह दुबई से संचालित अवैध सट्टा साइटों की मास्टर आईडी खरीदता और भारत में 25 हजार से 2 लाख रुपये तक में बेचता था। उसके पास से एक कार और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान जिन सक्रिय बेटिंग साइटों के लिंक मिले हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह कमाई का इस्तेमाल महंगे मकान, लग्जरी कारों और आलीशान जीवनशैली में कर रहा था। पुलिस अब नेटवर्क के अन्य सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की भी जांच कर रही है।

# एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न



**हरदा ■ निसं**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार गणना फार्म भरने की कार्यवाही 18 दिसंबर 2025 तक बढ़ायी गई है। इसके साथ ही निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 एवं अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाना है।

भारत निर्वाचन आयोग के संशोधित कार्यक्रम एवं आयोग द्वारा दिये निर्देशों के तहत आगामी 15 एवं 16 दिसम्बर 2025 को बीएलओ-बीएलए की मिटिंग मतदान केन्द्रों पर आयोजित किये जाने के संबंध में विधानसभा वार कार्यक्रम से अवगत कराने हेतु शुक्रवार को जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष इंडियन नेशनल कांग्रेस मोहन सांई, संजय जैन इंडियन नेशनल कांग्रेस हरदा एवं बसंत सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी उपस्थित हुए।

बैठक में अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को आयोग के संशोधित कार्यक्रम से अवगत कराया। साथ ही आगामी तिथि 15 एवं 16 दिसम्बर 2025 को आयोजित बीएलओ-बीएलए मीटिंग का शेड्यूल शेयर करते हुए अपने सभी बीएलए को मीटिंग में उपस्थित रहने हेतु आग्रह किया गया। बैठक में बताया गया कि जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में अंतिम रूप से तैयार एएसडीआर की सूची का वाचन किया जावेगा।

### 90 साल की बुजुर्ग जिंदा जली, कंकालनुमा शव मिला

# ग्वालियर में बेटे ने कमरे से लपटें उठती देखी, हीटर से आग लगने की आशंका

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर के हजीरा थाना क्षेत्र के इंद्रा नगर में शुक्रवार देर रात दिल दहला देने वाली घटना हुई। 90 वर्षीय बेनी बाई पत्नी श्याम सिंह अपने कमरे में सोकर आराम कर रही थीं। इसी दौरान कमरे में अचानक आग भड़क गई और वह लपटों में घिर गईं। रात करीब 11 बजे जैसे ही लपटें दिखीं, बेटे ने तुरंत चिल्लाकर परिजनों को बुलाया। पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए और दरवाजा तोड़ने लगे। परिजन ने तत्काल आग को बुझाने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। जब तक दरवाजा टूटा और आग पर काबू पाया, बेनी बाई पूरी तरह जल चुकी थीं।

**हीटर से आग लगने की आशंका:** बुजुर्ग जिस समय हादसे का शिकार हुई है वहां उसके बिस्तर के पास ही ठंड से बचाव के लिए हीटर जल रहा था। जब घटना स्थल पर पुलिस पहुंची है तो हीटर का तार व प्लग दोनों बुरी तरह जल चुके थे। शुरुआती पड़ताल में पुलिस को आशंका है कि वृद्ध महिला हीटर से



बेनी बाई, मृतका

लगी आग में झुलसी है, क्योंकि हीटर से महिला की रजाई भी जली है। पुलिस घर में रहने वालों से भी पूछताछ कर रही है कि किस तरह हादसा हुआ है।

**कंकालनुमा शव उठाने से लोग हिचकिचाए:** सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची। शव उठाने के लिए पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से मदद मांगी, लेकिन महिला का शरीर बुरी तरह जला होने के कारण कोई आगे नहीं आया। आखिरकार रात गश्त पर निकले अफसर, पुलिस बल और मृतका के बेटे ने मिलकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

**बुजुर्ग के परिवार में बेटा-बहू और पोता:** पता लगा कि महिला के दो बेटे हैं बड़ा बेटा संन्यासी हो गया है। जबकि छोटा बेटा डालचंद उसकी पत्नी कस्तूरी और नाती कबीर हैं। बुजुर्ग महिला इन्हीं के साथ रहती थी। बेटे डालचंद ने बताया कि जब आग की लपटें घर से निकलती देखी तो हम मां को बचाने के लिए दौड़े। गेट अंदर से बंद था और दरवाजा आग की वजह से बहुत गर्म हो चुका था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आकर दरवाजा तोड़ा, तब तक मां जल चुकी थी।

**पुलिस ने कहा- हादसा कैसे हुआ, कर रहे जांच:** सब इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि '90 वर्षीय महिला की आग में जलकर मौत हुई है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। हादसा कैसे हुआ, यह जांच के बाद स्पष्ट होगा।

**रोज हीटर के पास सोती थी बुजुर्ग:** देर रात आग में जिंदा जलकर महिला की मौत के मामले में पता लगा है कि महिला रोज हीटर जलाकर पास ही सोती थी।

### 8 साल बाद मुख्यमंत्री की घोषणा पूरी होगी

# बाबरी घाट एवं खोकसर घाट पर होगा घाट निर्माण

**सिवनी मालवा ■ निसं**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विगत 8 वर्ष पूर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन में आयपा आये थे जब तत्कालीन विधायक पूर्व वन एवं लोक निमार्ण विभाग के मंत्री सरताज सिंह की मांग पर सिवनी मालवा विधानसभा के विभिन्न कार्यो की घोषणा की गई थी। जिसके तहत खोकसर एवं बाबरी घाट में घाट निर्माण की घोषणा की गई थी। उक्त घोषणा को पूरा कराने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष रितेश जैन द्वारा

निरंतर प्रयास किये जा रहे थे। इसी संबध में रितेश जैन के द्वारा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं म0प्र0 शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर स्वीकृति हेतु निवेदन



किया गया था जिस पर उन्होने इन दोनो घाटों के निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। घाटों का निर्माण भारत सरकार की बाढ़ नियंत्रण योजना के अंतर्गत किया जाना है।

इन दोनो घाटों के लिए 08 08 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। यह दोनों घाट का निर्माण एक वर्ष में पूर्ण होगा ।इनके शीघ्र टेंडर जारी होगें उक्त जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन द्वारा देते हुए बताया कि बाबरी घाट में 95 मीटर लम्बाई का तथा खोकसर घाट में 75 मीटर लम्बाई का घाट निर्माण होना प्रस्तावित है। इससे यहां आने वाले श्रृद्धालुओं को स्नान ध्यान की मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

### जिले में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# अवैध फर्नीचर फैक्ट्री का भंडाफोड़, नीलगिरी लकड़ी से भरा पिकअप जब्त

**शहडोल ■ निसं**

जिले में वन विभाग ने अवैध लकड़ी कारोबार के खिलाफ एक दिन में दो बड़ी कार्रवाइयां कीं। बुढ़ार में अवैध फर्नीचर फैक्ट्री का खुलासा कर लकड़ी और औजार जब्त किए गए, जबकि जैतपुर में बिना दस्तावेज नीलगिरी लकड़ी ले जा रही पिकअप वाहन को पकड़ा गया।

जिले में अवैध लकड़ी कारोबार के खिलाफ वन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए एक ही दिन में दो बड़ी छापामार कार्रवाइयों को अंजाम दिया। इन कार्रवाइयों में जहां एक ओर घर में संचालित अवैध फर्नीचर फैक्ट्री का पर्दाफाश किया गया। वहीं, दूसरी ओर बिना वैध दस्तावेजों के नीलगिरी लकड़ी का परिवहन



करते हुए एक पिकअप वाहन को जब्त किया गया। यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल अनुपम सहाय के निर्देशन तथा वन मण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल श्रद्धा पन्द्रे और उप वन मण्डलाधिकारी जैतपुर विनोद जाखड़ के मार्गदर्शन में की गई।

पहली कार्रवाई बुढ़ार वन परिक्षेत्र में की गई, जहां सीताराम उर्फ सुरेश चौधरी (61 वर्ष) के निवास पर छापा मारा गया। जांच के दौरान घर में अवैध रूप से संचालित फर्नीचर निर्माण कार्य सामने आया। मौके से बबूल और खम्हेर प्रजाति की लकड़ी से बने 7 सिंगल पल्ला दरवाजे, 1 से 2 डबल पल्ला दरवाजे, 4 सेट सोफा सहित विभिन्न आकार के कुल 274 नग चिरान (1.061 घन मीटर सतकठा प्रजाति) जब्त किए गए। इसके अलावा फर्नीचर निर्माण में उपयोग होने वाले रमदा, सिकंजा, बसूला, आरी, कटर मशीन, टूल मशीन सहित कुल 29 औजार भी बरामद किए गए। इस मामले में वन अपराध पंजीबद्ध किया गया।

दूसरी कार्रवाई जैतपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मौहार टोला (नगपुरा) मार्ग पर की गई। यहां संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक स्क्क8व्र5083 को रोका गया। वाहन चालक जुगेन्द्र यादव (18 वर्ष), निवासी बैराग, लकड़ी परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। वाहन में करीब 3 घन मीटर नीलगिरी लकड़ी लदी हुई पाई गई। मध्य प्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम 2022 की धारा 3, 7, 14 एवं 15 के उल्लंघन पर वन अपराध दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया गया।

इन दोनों कार्रवाइयों में बुढ़ार और जैतपुर वन परिक्षेत्र के संयुक्त वन अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध कटाई, भंडारण और परिवहन के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

# कलेक्टर सोनिया मीना ने खरीदी केन्द्र, छात्रावास, मछली पालन ,तालाब का किया निरीक्षण



**माखननगर ■ निसं**

गुरुवार को माखननगर क्षेत्र के अनेक ग्रामों में कलेक्टर सोनिया मीना ने भ्रमण कर सर्मथन मूल्य धान खरीदी केन्द्र, छात्रावास, मछली पालन ,तालाब आदि का निरिक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए । कलेक्टर सोनिया मीना सेवा सहकारी समिति बागलखेड़ी के धान खरीदी केन्द्र वेयरहाउस पंहुची जहाँ प्रबंधक हरिओम चौहान को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इसी तरह वनग्रामों मैं सिद्धपुर आश्रम छात्रावास मैं अधीक्षक अनीता पठारिया की मौजूदगी में बच्चों से मिलकर उनकी जानकारी ली और छात्रावास अधिक्षक को निर्देशित किया । साथ ही उन्होंने ने वनग्राम डोव काजरी मैं मछली पालन केन्द्र व तालाब का निरिक्षण कर जानकारी ली और सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ।

# अंतरराष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन में संतों और जनप्रतिनिधियों ने लिया हर माह-एक उपवास का संकल्प









जनमंगल सम्मेलन की सचित्र झलकियां





























## अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन

# संतों ने तप, त्याग और उपवास की गौरवगाथा का किया गुणगान

**भारत मण्डपम, दिल्ली से राकेश अग्रवाल की विशेष रपट**

**नई दिल्ली।** दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन में 'हर मास–एक उपवास' का शंखनाद हुआ। इस अवसर पर जैन जगत के तेजस्वी तपस्वी संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज की उपस्थिति में योगगुरु बाबा रामदेव, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी, पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी, आचार्य बालकृष्ण जी, पीठाधीश्वर बाबा बालकनाथ योगी जी, जैन संत लोकेश मुनि जी, श्री रजत शर्मा (इंडिया टीवी), डा. एस. के. सरीन, डा. अनुराग वारने, एन. पी. सिंह (चेयरमैन, भारतीय शिक्षा बोर्ड) सहित अनेक गणमान्य संतों, विद्वानों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**उपवास का महात्म्य**

**'उपवास वह वैद्य है जो तन और मन को निरोगी बना देता है' : आचार्य प्रसन्न सागर जी**

अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा –

'उपवास केवल शरीर का नहीं, मन और आत्मा का साधन है। उपवास वह वैद्य है जो तन और मन दोनों को निरोगी बना देता है। यह आत्मविश्वास का उत्सव है।'

**अंतर्मना ने कहा कि –**

'दुनिया में खाने से मरने वालों की संख्या अधिक है और न खाने (अर्थात् संयम रखने) से मरने वालों की संख्या बहुत कम। उपवास शरीर का कार्य नहीं, मन का कार्य है। यदि भारत की 140 करोड़ जनता एक दिन उपवास करे तो 7 लाख टन भोजन बच सकता है।'

आचार्य श्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का उदाहरण देते हुए कहा कि –

'खाने की कमी उनके पास नहीं, फिर भी वे उपवासमय जीवन जीते हैं। यह उपवास संकल्प, अनुशासन और आत्मबल का प्रतीक है।'

**अंतर्मना ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा –**

'देश की संस्कृति और मातृभाषा को न भूलो, हस्ताक्षर हिंदी में करो और भारतीयता को जीवन का संदेश बनाओ। उपवास तन को नहीं, मन को तपाता है और यही मन शुद्ध होकर आत्मा के प्रकाश का माध्यम बनता है।'

**योग गुरु बाबा रामदेव जी ने किया आचार्य श्री के तप का गुणगान**

योग गुरु बाबा रामदेव जी ने कहा –

'आचार्य प्रसन्न सागर जी ने केवल उपवास का संदेश नहीं दिया, बल्कि उसे जीवन में जिया है। वे कहते नहीं, जीते हैं, यही उनकी विशेषता है। उपवास वह साधना है जो तन और मन दोनों को संतुलित कर देती है।'

**हर मास - एक उपवास**

**बाबा रामदेव ने आगे कहा –**

'जैन संतों की परंपरा में जो तप, त्याग और अनुशासन है, वही भारत को आत्मबल और आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जाएगा। आचार्य श्री जैसे संत समाज को तपस्या से जोड़ने आए हैं, उनका जीवन ही धर्म का जीवंत स्वरूप है।'

**'तपस्या का यह जीवन किसी चमत्कार से कम नहीं' – रजत शर्मा**

इंडिया टीवी के चेयरमैन श्री रजत शर्मा ने भावपूर्ण शब्दों में कहा –

'मेरे जीवन में अनेक लोग आए जो खाने के लिए जीते हैं, पर बाबा रामदेव जी और आचार्य प्रसन्न सागर जी जैसे विरले लोग मिले जो जीने के लिए खाते हैं। मैंने आचार्य श्री की तस्वीरें और उनके उपवास देखे हैं, आज की दुनिया में ऐसी तपस्या किसी चमत्कार से कम नहीं है।'

**उन्होंने कहा –**

'उपवास केवल भोजन न करना नहीं, यह मन, वाणी और क्रोध पर संयम का संकल्प है। जब मन के तूफान उठते हैं तो उपवास उस पर नियंत्रण की कला सिखाता है। ऐसे संत इस युग के प्रेरक दीपस्तंभ हैं।'

**'मन ठीक होगा तो पर्यावरण भी ठीक होगा' – भूपेंद्र यादव**

**पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी ने कहा –**

> 'मुझे सौभाग्य मिला कि मैंने उस तपस्वी को देखा जिसने 500 से अधिक दिनों का उपवास किया। व्यक्ति दो चीज़ों से परेशान है, एक अपने मन से, दूसरा बाहरी पर्यावरण से। जब मन शुद्ध होगा, पर्यावरण अपने आप सुधर जाएगा। जैन धर्म के पंच महाव्रतों में ही योग की नींव छिपी है।'

**डॉ. एस. के. सरीन : 'उपवास की शिक्षा बच्चों से शुरू करें'**

**डॉ. एस. के. सरीन ने कहा –**

'आज जरूरत है कि बच्चे भी उपवास के महत्व को समझें। जब माता–पिता उपवास करें तो बच्चे पूछें – क्यों? तब उन्हें बताएं कि यह स्वास्थ्य, संयम और पुनर्जागरण की साधना है। तभी 'हर मास–एक उपवास' हर परिवार का संस्कार बनेगा।'

**अन्य संतों और विद्वानों के उद्बोधन**

**जैन संत लोकेश मुनि ने कहा –** 'आत्मबल और आत्मशुद्धि का मार्ग उपवास से ही संभव है।'

**बाबा सत्यनारायण मौर्य ने** भावपूर्ण शब्दों में कहा –

'जब उपवास से महावीर का मन न भरा, तो प्रसन्न सागर बनकर वही आत्मा फिर इस धरती पर आया।'

**संघत मुनि सौम्यमूर्ति मुनि पीयूष सागर जी ने कहा –**

'उपवास का अर्थ है– अब मैं किसी का गुलाम नहीं। निज पर शासन और अनुशासन स्थापित करना ही उपवास है।'

**मुनि सहज सागर जी** ने अपने जीवन की आत्मयात्रा सुनाते हुए कहा – 'नर से नारायण बनने का मार्ग उपवास और संयम से ही निकलता है।'

**आचार्य बालकृष्ण जी** ने कहा – 'अब मैं भूखे रहकर भी बलवान बनने की कला गुरुदेव से सीख रहा हूं – उपवास अब जीवन का हिस्सा बनेगा।'

**एन. पी. सिंह जी** ने शिक्षा प्रणाली में उपवास के महत्व को जोड़ने की आवश्यकता बताई।

**डॉ. अनुराग वारने** ने कहा – 'उपवास से न केवल मनुष्य की उम्र बढ़ती है, बल्कि पशु–पक्षियों की भी आयु में वृद्धि होती है।'

**लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी** ने 'हर मास–एक उपवास' का संकल्प लेते हुए आचार्य श्री के तप और त्याग की सराहना की।

'इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम महीने में एक दिन उपवास हेतु प्रेरित करना है, ताकि तन, मन और समाज, तीनों की शुद्धि का वातावरण बने।'

कार्यक्रम की शुरुआत आर्या जैन ग्रुप की बालिकाओं ने मंगलाचरण नृत्य से की। तत्पश्चात सभी अतिथियों का अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज द्वारा लौंग की माला और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर गुरुदेव की पुस्तक 'अष्टापद यात्रा' का लोकार्पण भी हुआ।

कार्यक्रम का संचालन **ब्रह्मचारी तरुण भैया** द्वारा किया गया।

**'हर मास–एक उपवास'** आत्मशुद्धि से विश्वमंगल की ओर एक जन–आंदोलन का शुभारंभ।




**भोपाल।** जवाहर चौक स्थित जैन समाज मंदिर में आज से अखिल भारतीय दिगंबर जैन समाज का तीन दिवसीय युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में देशभर से जैन समाज के युवक युवतियों ने अपने भावी जीवन के लिए अपना जीवन परिचय दिया।

### भोपाल एम्स की लेडी डॉक्टर ने की खुदकुशी की कोशिश

# ड्यूटी के बाद घर पर लगा लिया जहरीला इंजेक्शन; न सुसाइड नोट मिला, न कोई मैसेज

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल एम्स के इमरजेंसी विभाग की डॉक्टर रश्मि वर्मा ने खुदकुशी की कोशिश की है। उन्होंने घर पर ही बेहोशी की दवा का इंजेक्शन लगा लिया। पति ने देखा तो तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। पल्स रेट और हार्टबीट लगातार गिरती देख साथी डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल सीपीआर देकर रिवाइव किया। फिलहाल उनकी स्थिति क्रिटिकल बनी हुई है। डॉ. रश्मि वर्मा ने ऐसा क्यों किया, इसकी वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है।

**पति बोले– घर पर सब नॉर्मल था:** साथी डॉक्टरों के मुताबिक, इमरजेंसी एंड ट्रॉमा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रश्मि वर्मा ने गुरुवार को अपनी ड्यूटी पूरी की। इसके बाद वे शाम को घर लौट गईं। रश्मि के पति ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन शाक्य रात करीब साढ़े 10 बजे उनको बेहोशी की हालत में लेकर एम्स आए थे। डॉ. शाक्य ने बताया कि घर पर सब नॉर्मल था। सब अपना–अपना काम कर रहे थे। वे डॉ. रश्मि के पास पहुंचे तो वो बेहोश मिलीं।

**72 घंटे बाद स्पष्ट हो पाएगी स्थिति:** रश्मि का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने कहा– वे जब तक एम्स पहुंची, करीब 25 मिनट हो चुके थे। इन 25 मिनट में उनके हार्ट ने काम करना लगभग बंद कर दिया था। वे रिकवर कर रही हैं, लेकिन नसों को कितना नुकसान पहुंचा है, यह स्थिति 72 घंटे बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### भोपाल में शादी से लौट रहे परिवार पर हमला

# युवक को गोली मारी, बचाने आई बहन-पत्नी को चाकू मारे

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल के ईंटखेड़ी इलाके में चार बदमाशों ने शादी से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने तीन से ज्यादा राउंड फायर किए। उसके पैर और पेट में गोलियां लगीं। बचाने आई युवक की बहन और पत्नी को भी बदमाशों ने चाकू मारे।

गंभीर हालत में युवक को चिरायु अस्पताल मालीपुरा में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने देर रात तक सर्जरी कर पेट और पैर में धंसी गोलियां निकालीं। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस देर रात अस्पताल पहुंची और परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। इसके बाद शन्नू वजनदार, जुबैर किलकिल, फरदीन, शहवेज समेत पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सभी आरोपी स्टेशन बजरिया और ऐशबाग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

## अनमोल वचन

सन्यास हृदय की एक दशा का नाम है, किसी ऊपरी नियम या वेशभूषा का नहीं। - श्रीमद् भगवदगीता

जंज़ीरें, जंज़ीरें ही हैं, चाहे वे लोहे की हों या सोने की, वे समान रूप से तुम्हें ग़ुलाम बनाती हैं। - स्वामी रामतीर्थ

## सम्पादकीय

# 9 लाख हवाई यात्रियों के साथ सरकार और इंडिगो का मजाक

साल के आखिरी महीने दिसंबर के पहले हफ्ते में क्रू रोस्टरिंग में गड़बड़ी के चलते इंडिगो ने 5000 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल की थीं। इस कारण 9 लाख से अधिक यात्री परेशान हुए थे। बाल-बच्चों समेत महिलाओं और बुजुर्ग यात्रियों को काफी तकलीफें उठानी पड़ीं। कई यात्रियों की विदेश यात्रा की कनेक्टिंग फ्लाइट मिस हो गई। जो लोग जरूरी कामों से जा रहे थे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। शारीरिक, आर्थिक और मानसिक कष्ट प्रत्येक यात्री को अलग-अलग हुआ है। जब सरकार और इंडिगो कंपनी के ऊपर दबाव बढ़ा तब एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने एक नई बड़ी शतरंजी चाल दिखाई, इसमें कंपनी ने कहा, कि डीजीसीए के नियम के अनुसार रेड उड़ान पर 5 से 10000 रुपये तक का मुआवजा यात्रियों को कूपन के रूप में दिया जाएगा। अर्थात उसे जब भी मुआवजा की राशि प्राप्त करनी होगी इंडिगो के विमान में ही यात्रा करनी होगी। इस तरह से कंपनी ने यात्रियों के साथ एक बार फिर से धोखाधड़ी और ठगने का प्रयास किया है। यह मुआवजा वाउचर के जरिए दिया जा रहा वह भी शर्तों के साथ है। 12 माह के अंदर इसका उपयोग करना अनिवार्य होगा अन्यथा उस वाउचर की कोई कीमत नहीं रह जाएगी। इस तरह से देखने में आ रहा है कि हवाई यात्रियों के लिए भारत सहित दुनिया के सभी देशों में जो नियम और कानून बने हुए हैं उनका पालन इंडिगो द्वारा अभी भी नहीं किया जा रहा है। मुआवजा नीति का वर्णन इंडिगो ने अपनी वेबसाइट में नहीं कर रखा है। मुआवजा नगद अथवा बैंक ट्रांसफर के माध्यम से होने का नियम है, लेकिन इंडिगो ने इसे भी बदलकर वाउचर के रूप में यात्रियों को मुआवजे का भुगतान करने की बात कह दी है, जो पूरी तरह से अवैधानिक होते हुए यात्रियों को ठगने के समान है। डीजीसीए के नियमों के अनुसार 3 से 5 दिसंबर के बीच में लगभग 5 लाख यात्रियों के साथ जो कुछ हुआ है, उसमें नियमों के अनुसार प्रत्येक यात्री को कम से कम 2.5 लाख रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक के मुआवजे की पात्रता है। लेकिन विमानन कंपनी और सरकार अभी भी यात्रियों के साथ खेल-खेलने में लगी हुई है। जिन 9 लाख यात्रियों को पिछले दिनों संकट का सामना करना पड़ा दिल्ली हाईकोर्ट में मामला लंबित है। इसके बाद भी इंडिगो कंपनी जिस तरह से यात्रियों के साथ व्यवहार कर रही है, वह आश्चर्यजनक है। विमानन कंपनियों ने इस संकट की घड़ी का फायदा उठाते हुए परेशानहाल यात्रियों से 80 से 90 हजार रुपए तक अतिरक्त किराया वसूल किया है। यही नहीं बल्कि सरकार द्वारा किराया निर्धारित किए जाने के बाद भी विमानन कंपनियों ने मनमाना किराया यात्रियों से वसूल किया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने जरूर सख्त कदम उठाया है। दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट ने यात्रियों की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान केंद्र और डीजीसीए से पूछा था, कि क्या मौजूदा नियम इतने बड़े संकट में पैसेंजर्स की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करने के लिए काफी हैं या नहीं? जिस तरह से बड़ी-बड़ी कंपनियों को न्यायपालिका और सरकार की ओर से पहले तो बड़ी-बड़ी चेतावनी दी जाती है उससे ऐसा लगने लगता है कि यह पीड़ित के साथ न्याय करेंगे, लेकिन कुछ समय के बाद यही मामला टांय-टांय फिस्स होकर रह जाता है। इंडिगो कंपनी ने जिस तरह की कलाकारी दिखाई है उसके बारे में यही कहा जा सकता है- पूत के पांव पालने में ही दिखने लगते हैं। इंडिगो ने भी बता दिया है, वह यात्रियों के साथ आगे किस तरह का व्यवहार करने जा रही है।

## चिंतन-मनन

# सबसे बड़ा दरिद्र

सिंहगढ़ राज्य की सीमा के पास एक गांव सोनपुर में एक महात्मा अपने दो शिष्यों के साथ आ पहुंचे। वहां की शांति और हरियाली देख कुछ दिन वे वहीं ठहर गए। एक दिन महात्मा जी जब भिक्षा मांगने जा रहे थे, सड़क पर एक सिक्का दिखा, जिसे उठाकर उन्होंने झोली में रख लिया। दोनों शिष्य इससे हैरान थे। वे मन में सोच रहे थे कि काश सिक्का उन्हें मिलता, तो वे बाजार से मिठाई ले आते। महात्मा जी भांप गए। बोले-यह साधारण सिक्का नहीं है, मैं इसे किसी सुपात्र को दूंगा। पर कई दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने सिक्का किसी को नहीं दिया। एक दिन महात्मा जी को खबर मिली कि सिंहगढ़ के महाराज अपनी विशाल सेना के साथ उधर से गुजर रहे हैं। महात्मा जी ने शिष्यों से कहा, वत्स! सोनपुर छोड़ने की घड़ी आ गई। शिष्यों के साथ महात्मा जी चल पड़े। तभी राजा की सवारी आ गई। मंत्री ने राजा को बताया कि ये महात्मा जा रहे हैं। बड़े ज्ञानी हैं। राजा ने हाथी से उतर कर महात्मा जी को प्रणाम किया और कहा, कृपया मुझे आशीर्वाद दें। महात्मा जी ने झोले से सिक्का निकाला और राजा की हथेली पर उसे रखते हुए कहा, हे सिंहगढ़ नरेश, तुम्हारा राज्य धन-धान्य से संपन्न है। फिर भी तुम्हारे लालच का अंत नहीं है। तुम और पाने की लालसा में युद्ध करने जा रहे हो। मेरे विचार में तुम सबसे बड़े दरिद हो। इसलिए मैंने तुम्हें यह सिक्का दिया है। राजा इस बात का मतलब समझ गए। उन्होंने सेना को वापस चलने आदेश दिया।

### इंडिया से भारत नाम परिवर्तन प्राइवेट मेंबर बिल 2025

# संवैधानिक प्रावधानों,ऐतिहासिक आधारों और सांस्कृतिक पहचान का समग्र विश्लेषण



किशन सनमुखदास भावनानी

> संविधान ने भारत को मूल नाम और इंडिया को अनुवाद या वैकल्पिक नाम के रूप में रखा ।हिंदी संस्करण और कई भारतीय भाषाओं के स्वीकृत संस्करणों में राष्ट्र का नाम भारत ही है ।संविधान की व्याख्या के अनुसार, जब कोई एक नाम मूल है, तो राष्ट्रीय सम्मान, दस्तावेज़ों, सरकारी संचार और अंतरराष्ट्रीय पहचान में वही नाम प्राथमिक होना चाहिए ।बिल में यह भी प्रस्ताव रखा गया है कि आवश्यकता होने पर संविधान के अंग्रेज़ी अनुवाद में संशोधन किया जाए ताकि इंडिया शब्द को हटाकर केवल भारत नाम ही सभी दस्तावेज़ों में प्रयोग किया जाए।

भारत नाम प्रस्ताव देश की आत्मा, ऐतिहासिक पहचान और समकालीन राष्ट्रीयता के बीच एक संवाद स्थापित करता है। भारत नाम वेदों,पुराणों, महाभारत और कूटनीतिक साहित्य में हजारों वर्षों से मौजूद है,जो केवल एक नाम नहीं बल्कि भारतीय सभ्यता की आत्मा है- वैश्विक स्तरपर यह गूंज उठना शुरू हुई है क़ि भारत का नाम क्या होना चाहिए,इंडिया या भारत यह प्रश्न भारतीय राजनीतिक इतिहास में भी समय-समय पर चर्चा का विषय रहा है। दिसंबर 2025 के शीतकालीन सत्र में जयपुर से एक सांसद द्वारा एक महत्वपूर्ण प्राइवेट मेंबर बिल के रूप में यह प्रस्ताव फिर से संसद के केंद्र में आ गया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत कहा है। इस प्रस्ताव ने न केवल संसद बल्कि विशेषज्ञों,इतिहासकारों, संवैधानिक विद्वानों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भी एक नई बहस को जन्म दिया है। प्रस्ताव में कई ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भाषाई तर्क प्रस्तुत किए गए,जिनके आधार पर भारत को राष्ट्र का एकमात्र आधिकारिक नाम घोषित करने की मांग उठाई गई है ।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि प्रस्ताव देश की आत्मा ऐतिहासिक पहचान और समकालीन राष्ट्रीयता के बीच एक संवाद स्थापित करता है ।इस प्रस्ताव के अनुसार, यह तथ्य सर्वविदित है कि भारतीय उपमहाद्वीप को सदियों से विश्व के विभिन्न हिस्सों में अलग- अलग नामों से जाना जाता रहा है,सिंधु घाटी सभ्यता के कारण इंडस, फ़ारसी भाषाई प्रभाव के कारण हिंदोस से हिंदुस्तान, और वैदिक परंपरा के मूल में भारत नाम ।भारत शब्द का उल्लेख वेदों पुराणों उपनिषदों से लेकर महाभारत और कूटनीतिक साहित्य तक प्राचीन काल से मिलता है ।प्रस्ताव का पहला मुख्य तर्क यही है कि भारत वह प्राचीन, सभ्यतागत और सांस्कृतिक नाम है, जिससे यह भूमि सहस्राब्दियों से पहचानी जाती रही है। संसद में दिए गए वक्तव्य में कहा गया कि जिस देश को हम सदियों से मदर इंडिया या मदर लैंड कहते रहे हैं, उसका वास्तविक, ऐतिहासिक और साहित्यिक नाम भारत ही है ।दिसंबर 2025 में जयपुर से एक सांसद द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र में एक महत्वपूर्ण प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किया गया, जिसमें यह प्रस्ताव रखा गया कि राष्ट्र का नाम इंडिया से बदलकर भारत कर दिया जाए। यह प्रस्ताव केवल भाषाई या शब्दावली परिवर्तन नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता, औपनिवेशिक इतिहास, संवैधानिक प्राथमिकताओं और सांस्कृतिक आत्मसम्मान से जुड़ा हुआ है ।बिल में कई संरचनात्मक तर्क,ऐतिहासिक साक्ष्य अंतरराष्ट्रीय संदर्भ और संविधान आधारित प्रावधान शामिल किए गए, जो भारत को राष्ट्र का एकमात्र आधिकारिक नाम घोषित करने की मांग करते हैं ।मैं इस लेख के माध्यम से इस बिल के मुख्य प्रावधानों, ऐतिहासिक दावों, तर्कों और उनके प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

साथियों बात अगर हम भारत नाम की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ें इसको समझने की करें तो,बिल के प्रारंभिक भाग में यह उल्लेख किया गया है कि जिस देश को हम सदियों से भारतवर्ष कहते आए हैं, उसका मूल नाम भारत ही है। बिल के अनुसार, यह नाम वेदों, पुराणों, महाभारत और कूटनीतिक साहित्य में हजारों वर्षों से मौजूद है। ब्रिटिश शासनकाल से पूर्व अंतरराष्ट्रीय यात्रियों, विद्वानों और इतिहासकारों ने इस भूमि को भारत के रूप में ही संबोधित किया ।बिल का तर्क है कि भारत शब्द केवल एक नाम नहीं बल्कि सभ्यता की आत्मा, सांस्कृतिक मूल्यों आध्यात्मिक दर्शन और राष्ट्रीय पहचान का प्रतिनिधि है ।बिल में यह स्पष्ट किया गया है कि इंडिया शब्द का औपचारिक उपयोग कॉलोनियल पीरियड में बढ़ा और ब्रिटिश प्रशासन ने इसे सरकारी दस्तावेज़ों में मानक रूप में स्थापित कर दिया ।हालाँकि भारतीय समाज ने हमेशा साहित्य, संस्कृति, धर्म और दार्शनिक परंपरा में भारत शब्द का ही उपयोग किया। बिल में कहा गया है कि आज़ादी के 78 वर्ष बाद भी औपनिवेशिक शब्दावली का उपयोग करना एक राष्ट्रीय विसंगति है, जिसे सुधारने का यही उचित समय है। साथियों बात अगर हम संविधान का अनुच्छेद 1 और बिल का मुख्य संवैधानिक आधार इसको समझने की करें तो बिल का सबसे महत्वपूर्ण आधार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 है जिसमें लिखा है:'इंडिया, दैट इज भारत, शैल बी ए यूनियन ऑफ़ स्टेट्स' बिल में कहा गया।

संविधान ने भारत को मूल नाम और इंडिया को अनुवाद या वैकल्पिक नाम के रूप में रखा ।हिंदी संस्करण और कई भारतीय भाषाओं के स्वीकृत संस्करणों में राष्ट्र का नाम भारत ही है ।संविधान की व्याख्या के अनुसार, जब कोई एक नाम मूल है, तो राष्ट्रीय सम्मान, दस्तावेज़ों, सरकारी संचार और अंतरराष्ट्रीय पहचान में वही नाम प्राथमिक होना चाहिए ।बिल में यह भी प्रस्ताव रखा गया है कि आवश्यकता होने पर संविधान के अंग्रेज़ी अनुवाद में संशोधन किया जाए ताकि इंडिया शब्द को हटाकर केवल भारत नाम ही सभी दस्तावेज़ों में प्रयोग किया जाए।

साथियों बात अगर हम बिल में शामिल प्रस्तावित प्रावधानों को समझने की करें तो,बिल में निम्नलिखित मुख्य प्रावधानों का उल्लेख किया गया है:(अ) राष्ट्र का एकमात्र आधिकारिक नाम भारत घोषित किया जाए।

# डिजिटल अरेस्ट ठगी से लाखों परिवारों के जीवन में अंधकार



मनोज कुमार अग्रवाल

> इन दिनों देश में डिजिटल अरेस्ट के कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं. सरकार के तमाम प्रयास के बावजूद डिजिटल अरेस्ट के कारण बुजुर्गों बड़ी संख्या में ठगी का शिकार हो रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल अरेस्ट मामलों पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि इस मामले में अदालत जरूरी निर्देश जारी करेगी. न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाला बागची की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि हर हैरानी की बात है कि देश में पीड़ितों से लगभग 3000 करोड़ रुपये डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगे जा चुके हैं. यह सब हमारे देश में ही हो रहा है. अगर हम इस मामले में ठोस और सख्त आदेश नहीं देंगे तो समस्या और गंभीर हो जाएगी।

लाखों लोगों व परिवारों के जीवन भर की कमाई को डिजिटल अरेस्ट के जरिए लूट कर उनके जीवन में अंधेरा कर दिया गया। यह कैसी विडंबना है कि जब तक देश में कथित डिजिटल अरेस्ट के नाम पर अनुमानित तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक ठगी की जा चुकी है, कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं, की साल से यह सिलसिला जारी है तब सरकार और जिम्मेदार सिस्टम की नींद खुली है और अपराधियों पर शिकंजा कसने की बड़ी मुहिम शुरू हो पा रही है। वह भी सरकार के बजाय शीर्ष अदालत की पहल पर।

इन दिनों देश में डिजिटल अरेस्ट के कई मामले लगातार सामने आ रहे हैं. सरकार के तमाम प्रयास के बावजूद डिजिटल अरेस्ट के कारण बुजुर्गों बड़ी संख्या में ठगी का शिकार हो रहे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल अरेस्ट मामलों पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि इस मामले में अदालत जरूरी निर्देश जारी करेगी. न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाला बागची की पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि हर हैरानी की बात है कि देश में पीड़ितों से लगभग 3000 करोड़ रुपये डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगे जा चुके हैं. यह सब हमारे देश में ही हो रहा है. अगर हम इस मामले में ठोस और सख्त आदेश नहीं देंगे तो समस्या और गंभीर हो जाएगी।

आपको बता दें कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए सीबीआई को निर्देश दिए हैं कि वह अन्य साइबर अपराधों की जांच बाद में करें, डिजिटल अरेस्ट की जांच को अपनी प्राथमिकता बनाए। कोर्ट ने केंद्रीय बैंक से पूछा है कि क्या एआई की मदद से साइबर ठगों के खाते फ्रीज हो सकते हैं? कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि यदि किसी गंभीर डिजिटल अपराध का दायरा भारत से बाहर को सीमा में हो तो वह इंटरपोल की मदद ले सकती है। दुखद है कि साइबर अरेस्ट के मामलों में सबसे अधिक निशाना बुजुर्गों को ही बनाया जाता है, जिन्हें डिजिटल लेन-देन को गंभीर जानकारी नहीं होती। बुजुर्गों को निशाना बनाने का यह प्रतिशत 78 से 82 फीसदी बताया जाता है। कई जगह यह प्रतिशत 99 फीसदी तक है। वहीं जनवरी से अप्रैल 2024 में साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के 46 फीसदी मामलों के तार म्यांमार, कंबोडिया और लाओस जैसे दक्षिण पूर्व एशिया के देशों से जुड़े रहे हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में डिजिटल गिरफ्तारी साइबर अपराध के सबसे कुटिल रूप में बनकर उभरी है। यह अपराध न केवल देश की वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता के लिये, बल्कि कानून प्रवर्तन तंत्र में जनता के विश्वास के लिये भी बड़ा खतरा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन घोटालों की देशव्यापी जांच सीबीआई को सौंपने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय समय के अनुरूप सार्थक हस्तक्षेप है। इसी क्रम में कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में अपराधों की जांच के लिये सीबीआई को सहमति दें। दरअसल, न्यायालय ने इस हकीकत को स्वीकार किया है कि साइबर अपराधी राज्यों की सीमाओं का लाभ उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर टुकड़ों-टुकड़ों में जांच सीमा पार के साइबर अपराधियों के नेटवर्क को बढ़ावा देती है दरअसल, साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट के जरिये भोले- भाले लोगों व बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। वे कानून प्रवर्तन अधिकारी पुलिस और जज बनकर मोटी रकम देने के लिये उन्हें ब्लेकमेल और आतंकित करते हैं ।हालांकि अदालत ने कहा कि इस मामले से निपटने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी हो गया है. सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि गृह मंत्रालय ने एक अलग यूनिट की स्थापना की है और इस मामले से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाया जा रहा है. साथ ही डिजिटल अरेस्ट से निपटने के लिए कई अन्य कदम उठाए गए हैं. डिजिटल अरेस्ट को लेकर हुई सुनवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय और सीबीआई ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी. केंद्र सरकार की ओर से पेश दलील के सुनने के बाद अदालत ने कहा कि मामला काफी गंभीर है और इस मामले में अदालत उचित आदेश पारित करेगी. मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी. गौरतलब है कि एक वरिष्ठ नागरिक दंपति ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के पत्र लिखकर बताया था कि 1 से 16 सितंबर के बीच उनसे 1.5 करोड़ रुपए की ठगी सीबीआई, इंटेलिजेंस ब्यूरो तो कभी न्यायपालिका के अधिकारी बनकर की गयी. धोखेबाजों ने फोन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपर्क किया और गिरफ्तारी का डर दिखाकर पैसे वसूलने का काम किया. इतना ही नहीं उन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेश दिखाए. मामला सामने आने के बाद अंबाला में दो एफआईआर दर्ज की गयी. जांच में पाया गया कि वरिष्ठ नागरिकों को ठगी का शिकार बनाने के लिए संगठित गिरोह काम कर रहा है. अदालत ने 17 अक्टूबर को इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई शुरू की और केंद्र सरकार और सीबीआई से जवाब देने को कहा. अदालत ने इस मामले में अटार्नी जनरल से भी सुझाव लेने का आदेश दिया.

उल्लेखनीय है कि हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपति से एक करोड़ रुपये कीठगी के बाद अदालत ने इस व्यापक समस्या का स्वत: संज्ञान लिया। उन्हें धमकाने के लिये सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेशों का इस्तेमाल किया गया। यह बेहद परेशान करने वाली स्थिति है कि साइबर अपराधी सार्वजनिक संस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास को खतरे में डाल रहे हैं ।तभी शीर्ष अदालत ने महसूस किया कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगा है, देश की केंद्रीय एजेंसी को इस मामले की तह तक तुरंत पहुंचना चाहिए।

# पोक्सो मामलों की बढ़ती लंबितता भारत के समक्ष बढ़ता गंभीर संकट

भारत एक सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और नैतिक मूल्यों वाला देश माना जाता है जहाँ बच्चों को देवतुल्य समझने की परंपरा रही है। किंतु यह अत्यंत पीड़ादायक सत्य है कि आज इसी देश में नाबालिगों के खिलाफ अपराधों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और उससे भी बड़ी चिंता का विषय यह है कि इन मामलों का निपटारा वर्षों तक अधर में लटका रहता है। पोक्सो यानी लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके ठीक विपरीत तस्वीर पेश करती है। आंकड़े बताते हैं कि देश में पोक्सो के 35 हजार से अधिक मामले वर्षों से लंबित चल रहे हैं और न्याय की प्रक्रिया पीड़ितों व उनके परिवारों के लिए एक असहनीय इंतजार बन गई है ।2023 तक लंबित मामलों का जो विवरण सामने आया है, वह किसी भी समाज और शासन के लिए चिंता का गंभीर संकेत है। उत्तर प्रदेश में 10,556 मामले लंबित हैं जो देश में सबसे अधिक हैं। महाराष्ट्र 7,962 लंबित मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। तमिलनाडु में 1,910, मध्यप्रदेश में 1,736, छत्तीसगढ़ में 375 और राजस्थान में 224 मामले अभी भी न्याय की प्रतीक्षा में हैं। बिहार में 1,079, झारखंड में 415, पंजाब में 152, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश दोनों में 101, चंडीगढ़ में 16 और उत्तराखंड में 374 मामलों की लंबितता भी यही सिद्ध करती है कि न्यायिक प्रक्रिया के बोझ ने पीड़ितों के लिए न्याय की राह लंबी और कठिन बना दी है। यह स्थिति बताती है कि देश में पोक्सो कानून का उद्देश्य जितनी तेजी से पूरा होना चाहिए था, उससे बहुत दूर है। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनलाल मेघवाल ने बताया है कि देश में कुल 773 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कार्यरत हैं जिनमें से 400 कोर्ट विशेष रूप से पोक्सो मामलों के लिए बनाए गए हैं। इन अदालतों ने अब तक 3.5 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है जो निश्चित रूप से एक उपलब्धि है, लेकिन उसके बावजूद हजारों मामले अभी भी अधूरे पड़े हैं। यह दर्शाता है कि केवल अदालतों की संख्या बढ़ा देना समाधान नहीं है। न्याय प्रक्रिया में पुलिस, अभियोजन, मेडिकल रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच, गवाही और साक्ष्य संकलन जैसे कई चरण होते हैं और इनमें होने वाली देरी पोक्सो मामलों की लंबितता को बढ़ाती रहती है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार देश में हर तीन मिनट में एक बच्चा अपराध का शिकार बनता है और हर आठ मिनट में एक पोक्सो का मामला दर्ज होता है। इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों के भीतर ही तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है जो सामाजिक व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर चेतावनी का इशारा है। 2021 से 2025 के बीच कुल 1,31,692 पोक्सो मामले दर्ज किए गए। वहीं सबसे कम मामले मिजोरम, नागालैंड, लद्दाख और अंडमान निकोबार जैसे क्षेत्रों में सामने आए हैं। एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि कई मामलों में अपराध की प्रकृति इतनी संवेदनशील होती है कि बच्चे मानसिक रूप से टूट जाते हैं। उदाहरण के तौर पर बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया जिसमें कहा गया कि किसी नाबालिग लड़की का हाथ पकड़ना और उसे पैसे देकर यौन संबंध का प्रस्ताव देना भी पोक्सो एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है।



कांतिलाल मांडोत

## खास बात

### सदन में जदयू अलग-थलग दिखी

वंदे मातरम की बहस के दौरान जनता दल यू भाजपा और एनडीए गठबंधन से अलग राह पर चलती हुई दिखी। तेलुगु देशम पार्टी और जनशक्ति रामविलास पार्टी ने भाजपा के हिसाब से बहस में भाग लिया। जदयू के सांसदों ने वंदे मातरम के जो चार अंतरे हटाए गए हैं। उसमें जिन्ना और मुस्लिम लीग के आगे कांग्रेस ने सरेंडर किया है। इसे जनता दल यू ने नहीं माना। इसको लेकर अब तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। एनडीए गठबंधन में अब वह एका नहीं रहा, जो पहले देखने को मिलता था। एनडीए गठबंधन में रहते हुए जनता दल यू को अपने सेकुलर वोट की चिंता है। जिसके कारण नीतीश की पार्टी के सांसद अलग-थलग चले।

### वंदे मातरम की बहस उल्टे बांस बरेली को?

पश्चिम बंगाल के चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने वंदे मातरम को लेकर जो खेल शुरू किया था। संसद में जिस तरह से बहस कराई गई। उसके बाद लोग यह कहने लगे हैं। यह पेंतरा बीजेपी और संघ के ऊपर भारी पड़ता हुआ दिख रहा है। वंदे मातरम की बहस के दौरान जिस तरह से संघ और भाजपा को निशाने पर लिया गया। उसका जवाब देना भाजपा और सत्ता पक्ष पर भारी पड़ गया। संघ और भाजपा ने कभी वंदे मातरम का समर्थन नहीं किया था। नाही आजादी की लड़ाई में भाग लिया था। मुस्लिम लीग के साथ मिलकर हिंदू महासभा ने सरकार बनाई ।लोग कहने लगे हैं, भाजपा के लिए वंदे मातरम का मसला उल्टे बांस बरेली की कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

### शिंदे के 22 विधायक भाजपा मे

महाराष्ट्र की राजनीति में भारी उथल-पुथल हो रही है। एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भाजपा के बीच में तळखी देखने को मिल रही है ।भाजपा ने कह दिया है, स्थानीय चुनाव अपनी-अपनी ताकत से सहयोगी पार्टियां लडें। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भाजपा अकेले 132 सीटों पर चुनाव जीती है। बहुमत का आंकड़ा 145 का है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के बीच में लगातार विवाद बने हुए हैं। भाजपा शिंदे को बाय-बाय करना चाहती है। जिस तरह से शिंदे ने उद्धव ठाकरे की सरकार के विधायक तोड़कर उद्धव ठाकरे की सरकार को गिराया था। अब बीजेपी वही खेल, एकनाथ शिंदे के साथ खेलना चाहती है। एकनाथ शिंदे के 22 विधायक भाजपा में आने के लिए तैयार हैं।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, पौष कृष्ण पक्ष, हेमंत रितु गुरु उदय पूर्वे, शुक्रास्त पूर्वे तिथी, नवमी, शनिवासरे, उ.फा. नक्षत्रे, आद्र योगे, तैतिलकरणे, कन्या की चंद्रमा, रोग विमुक्ता, स्नान मुर्हूत, तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल.........**

आज जन्म लिया बालक बड़ा उत्तम, शिक्षक, शिक्षाविद, शिक्षा शास्त्री, लेक्चरार, प्रोफेसर तथा उत्तम वृत्ति वाला, योगी भोगी, तांत्रिक मांत्रिक, पंडित विद्वान, तथा साधु, महात्मा, मठ मंदिर बनवाने वाला कुशल वक्ता अधिवक्ता शासक प्रशासक तथा स्वाभिमानी कीर्ति वाला होगा।

**मेष राशि :-** बेचैनी उद्विग्नता से बचिए, समय पर सोचे कार्य अवश्य होगे, रुके कार्य बन जाएंगे।

**वृष राशि :-** चिन्ताएं कम हो, सफलता के साधन जुटाए, अचानक लाभ की योजना बन ही जाएगी।

**मिथुन राशि :-** सफलता के साधन जुटाए, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि अवश्य ही होगी, समय का ध्यान रखे।

**कर्क राशि :-** व्यर्थ धन का व्यय, समय व शांनि नष्ट होवे, विघटनकारी तत्व परेशान अवश्य करेगा।

**सिंह राशि :-** भोग, ऐश्वर्य से स्वास्थ्य नरम रहे, विरोधी वर्ग अवश्य ही परेशान करें, समय का ध्यान रखे।

**कन्या राशि :-** समय व धन नष्ट न हो, क्लेश व अशांति, यात्रा से कष्ट तथा चिन्ता अवश्य बनेगी।

**तुला राशि :-** परिश्रम से सफलता के साधन अवश्य ही जुटाए, कार्य बाधा तथा कार्य अवरोध से अवश्य बचे।

**वृश्चिक राशि :-** चोट चपेट आदि से बचिएगा, क्लेश व अशांति तथा मानसिक उद्विग्नता से बचकर चले।

**धनु राशि :-** भाग्य का सितारा साथ देवे, क्लेश व अशांति से बचिए, समय का ध्यान अवश्य ही रखे।

**मकर राशि :-** परिश्रम विफल हो, चिन्ता, यात्रा व व्यग्रता तथा स्वास्थ्य नरम गरम अवश्य ही रहेगा।


**कुंभ राशि :-** आकस्मिक घटना से चोट आदि का भय होगा, समय स्थिति का ध्यान अवश्य रखे, अन्यथा हानि।

**मीन राशि :-** अधिकारियों से विरोध न करें, इष्ट मित्र सहायक न होवे, समय तथा स्थिति का ध्यान अवश्य रखे।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

13 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.49 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मकर | 08.55 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.41 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.14 बजे से |
| गुरू | मिथुन में | मेष | 13.44 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.24 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.23 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.36 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.52 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 00.04 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | बजे तक | तुला | 02.15 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.29 ब.से |

शनिवार 2025 वर्ष का 347 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु हेमन्त।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) पक्ष कृष्ण
तिथि नवमी 16.39 बजे को समाप्त।
नक्षत्र हस्त अहोरात्र।
योग आयुष्मान 11.16 बजे को समाप्त।
करण गर 16.39 बजे तदनन्तर वणिज 05.41 बजे प्रात: को समाप्त।
चन्द्रायु 22.7 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 23° 09'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872557
जूलियन दिन 2461022.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जमादि उस्सानी
तारीख 21

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 | बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 | बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 | बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 | बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 | बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 | बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 | बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 | बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# जितेंद्र कुमार के साथ बड़े पर्दे पर नजर आयेगी आरजे महवश

सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और आरजे महवश जल्द ही बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार हैं। महवश अपनी पहली फिल्म 'टेढ़ी है पर मेरी है' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं, जिसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी की जा चुकी है। सबसे खास बात ये है कि इस रोमांटिक फिल्म में आरजे महवश पॉपुलर सीरीज 'पंचायत' के सचिव जी यानी जितेंद्र कुमार के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म को कोरियोग्राफर और डायरेक्टर रेमो डिसूजा प्रजेंट कर रहे हैं।

मो डिसूजा की इस फिल्म में पंचायत के जितेंद्र कुमार और महवश लीड रोल में होंगे। इस अपकमिंग फिल्म को प्रदीप सिंह ने लिखा है और जयेश प्रधान ने डायरेक्ट किया है। साथ ही, इसमें इस्माइल दरबार का म्यूजिक है। फिल्म को ईशान शिल्पी वर्मा, विशाल त्यागी और अनवर अली खान ने कुरी स्टूडियो और शाइशा मोशन पिक्चर्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है. फिल्म





की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी.

फिल्म का अनाउंसमेंट एक छोटे वीडियो के साथ किया गया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरनी शुरू कर दी हैं। रेमो डिसूजा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'गुलाब और नगमा की मोहब्बत। एक ऐसी मोहब्बत जिसकी जान कम है, लेकिन जुनून ज़्यादा है।गुलाब में मोहब्बत का कीड़ा है और नगमा में एक कुदरत का... दिल धड़कता है, कहानी मोड़ लेती है, और प्यार अपनी ज़िद दिखाता है. ।और उसकी जिद में दिल कहता है प्रजेंट है - टेढ़ी हैं पर मेरी हैं.'

इस अनाउंसमेंट वीडियो में जितेंद्र कुमार का वॉइस ओवर है, जो फिल्म में गुलाब हकीम का किरदार निभाएंगे, जबकि आरजे महवश नगमा के किरदार में नजर आएंगी।

# धुरंधर में अक्षय खन्ना की हो रही प्रशंसा



बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना इस दिनों आदित्य धर की फिल्म धुरंधर में अपनी एक्टिंग की वजह से काफी चर्चा में हैं। फैंस उनकी और फिल्म में उनके फ९ला सॉन्ग पर वायरल एंट्री डांस की खूब तारीफ कर रहे हैं। इसी बीच, सोशल मीडिया पर करीना कपूर का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया है कि फिल्म हिमालय पुत्र देखने के बाद वो अक्षय की दीवानी हो गई थीं और उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि अक्षय ही हॉलीवुड जाने के लिए सही व्यक्ति हैं।

साल 2004 में फिल्म हुलचुल के प्रमोशन के दौरान करीना ने अक्षय के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा था, मैंने हिमालय पुत्र कम से कम 20 बार देखी है, क्योंकि उस समय मैं स्कूल में थी और अक्षय खन्ना सबके चहेते थे। तो लड़कियां उनके पीछे पागल थीं और उसमें मैं भी थी।

मुझे वो अक्षय हमेशा से पसंद रहे हैं। वो बहुत प्यारे, मनमोहक और एक अच्छे इंसान हैं। वो एक बेहतरीन एक्टर हैं, हॉलीवुड जाने के लिए वो बिल्कुल सही व्यक्ति हैं, क्योंकि उनकी एक्टिंग लाजवाब है।

# नये साल की शुरुआत में रिलीज होगी बॉर्डर-2

## अहान शेट्टी फौजी की वर्दी में नजर आये




फिल्म बॉर्डर-2 नये साल की शुरुआत में दर्शकों को देखने को मिलेगी। बॉर्डर-2 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को लेकर निर्माताओं ने सनी दिओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के बाद अहान शेट्टी का पहला लुक रिवील कर दिया, जिसे देख फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया में पर पहला लुक शेयर किया, जिसमें वह खून से लथपथ फौजी की वर्दी पहने हुए जुनून के साथ चिल्लाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट को शेयर कर लिखा, सरहद हो या समंदर, धरती मां का हर बेटा एक ही कसम निभाता है। पोस्ट शेयर करने के बाद दोस्त, परिवार और इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी।

कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अहान शेट्टी के पिता और अभिनेता सुनील शेट्टी ने कमेंट करते हुए लिखा, सम्मान... अपनी छाप छोड़ जाता है और हिम्मत तुम पर खूब जंचती है, बेटे। अभिनेता अर्जुन रामपाल ने कमेंट सेक्शन में लिखा, वाह! अहान, कमाल कर रहे हो। इससे पहले मेकर्स ने सनी देओल, वरुण और दिलजीत का लुक शेयर किया था, जिसमें उनके किरदार के नाम भी बताए गए थे। बॉर्डर-2 में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, वरुण धवन, अहान शेट्टी के अलावा, मोना सिंह, मेधा राणा और सोनम बाजवा भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर जारी किया जा चुका है।फिल्म बॉर्डर 2 के निर्देशक अनुराग सिंह हैं और इसका निर्माण गुलशन कुमार और टी-सीरीज के बैनर तले किया गया है। ये बॉर्डर 2 जेपी दत्ता की 1997 की ब्लॉकबस्टर बॉर्डर का सीक्वल है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित फिल्म थी। उसमें सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना, सुदेश बेरी, पुनीत इस्सर, कुलभूषण खरबंदा, तब्बू, राखी गुलजार, पूजा भट्ट और शरबनी मुखर्जी लीड रोल में थे।

# पारंपरिक सोच से हटकर फैसले लेने के लिए जानी जाती हैं राधिका आप्टे

बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका आप्टे फिल्मों में अलग-अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने के साथ, वह निजी जीवन में भी पारंपरिक सोच से हटकर फैसले लेने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में राधिका ने खुलकर कहा कि उन्हें करियर, शहर बदलने या बड़े मौके छूट जाने का कोई डर नहीं है और वह इन चीजों को बहुत हल्का मानती हैं। राधिका आप्टे फिलहाल लंदन में रहती हैं, जबकि काम के सिलसिले में भारत आती-जाती रहती हैं। इंडस्ट्री में यह आम धारणा है कि फिल्मी करियर बनाए रखने के लिए मुंबई में रहना जरूरी है, लेकिन राधिका इससे बिलकुल सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई पसंदीदा प्रोजेक्ट होगा तो वह खुद मुंबई चली जाएंगी, लेकिन किसी भी प्रस्ताव को खो देने से उन्हें कभी परेशानी नहीं होती। उनके अनुसार, हर चीज को



पकड़े रखना या हर समय उपलब्ध रहना जीवन का नियम नहीं है। कभी कुछ मिलता है, कभी नहीं, और दोनों ही स्थितियों को सहजता से स्वीकार करना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनके जीवन में 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' यानी मौके चूक जाने का डर बिल्कुल नहीं है। आमतौर पर लोग सोचते हैं कि कोई बड़ा अवसर निकल गया तो जीवन प्रभावित हो जाएगा, जबकि वास्तविकता में ऐसा कम ही होता है। राधिका के अनुसार, लोग चीजों को उतना बड़ा बना देते हैं जितना वह होती नहीं। उनके लिए मानसिक शांति और जीवन का असली आनंद ज्यादा महत्वपूर्ण है, न कि हर समय भाग-दौड़ में बने रहना। अभिनेत्री ने बताया कि लंदन में रहने के बावजूद उन्हें अच्छी फिल्मों के ऑफर मिल रहे हैं और वह काम के पीछे भागने की मानसिकता को कभी अपनाना नहीं चाहतीं। वह मानती हैं कि संतुलित जीवन और मानसिक आराम सफलता से कहीं ज्यादा जरूरी हैं। राधिका इन दिनों अपनी आने वाली थ्रिलर फिल्म 'साली मोहब्बत' को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें वह स्मिता नाम की एक साधारण गृहिणी की भूमिका निभा रही हैं।

स्मिता एक शांत, सीमित दुनिया में जीने वाली महिला है, जिसे बागवानी का शौक है और वह घर में रहना पसंद करती है। लेकिन उसकी शांत जिंदगी अचानक एक घटना से बदल जाती है और कहानी रोमांचक मोड़ लेती है। यह फिल्म 12 दिसंबर को जी5 पर रिलीज होगी। बता दें कि बॉलीवुड की बेबाक और बहुमुखी प्रतिभा वाली अभिनेत्री राधिका आप्टे हमेशा अपने विचारों और जीवनशैली के लिए चर्चा में रहती हैं।

# बॉलीवुड में आने से पहले सॉफ्टवेयर पेशेवर रही है तापसी

तापसी पन्नू आज भारतीय मॉडल और बॉलीवुड अभिनेत्री हैं, आज वो किसी परिचय की मोहताज नहीं। तापसी ने तेलुगू, तमिल, मलयालम और हिन्दी फिल्मों में काम किया है। फिल्मों से पहले तापसी पन्नू सॉफ्टवेयर पेशेवर के रूप में काम करती थी। मॉडलिंग करियर के समय उन्होंने विज्ञापनों में भी काम किया है। इसके लिए तापसी को 2008 में पैंटालून फेमिना मिस फ्रेश फेस और साफी फेमिना मिस ब्यूटीफुल स्किन के रूप में खिताब जीते हैं। मॉडलिंग के साथ एक संक्षिप्त कार्यकाल के बाद,



तापसी राघवेंद्र राव द्वारा निर्देशित 2010 में बनी तेलुगू फिल्म झुम्माण्डि नादां के साथ अपने अभिनय करियर की शुरुआत की7 तापसी ने 'चश्मे बद्दूर' फिल्म से हिन्दी सिनेमा में आगाज किया था। बेबी और पिंक से उन्हें सराहना मिली। तापसी का जन्म 1 अगस्त 1988 को एक सिख परिवार में दिल्ली में हुआ था।

पढ़ाई तापसी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई जय माता कौर पब्लिक स्कूल अशोक विहार से की है। उसके बाद गुरु तेग बहादुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएशन किया। मॉडलिंग में रुझान होने के कारण तापसी ने अपनी जॉब बीच में छोड़कर मॉडलिंग की शुरुआत कर दी। साल 2008 में मॉडलिंग के दौरान तापसी ने पैंटालून फेमिना मिस फ्रेश फेस और सफी फेमिना मिस ब्यूटीफुल स्किन का ताज जीता।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के उद्घाटन समारोह में दिखेगा रोजर फेडरर का जलवा

**मेलबर्न।** स्विट्ज़रलैंड के टेनिस दिग्गज रोजर फेडरर जनवरी 2026 में एक बार फिर अपने 'हैप्पी स्लैम' की ओर लौटेंगे। ऑस्ट्रेलियन ओपन आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि फेडरर टूर्नामेंट के आधिकारिक उद्घाटन के लिए होने वाले 'बैटल ऑफ द वर्ल्ड नंबर 1ह्य' इवेंट की शोभा बढ़ाएंगे। रिटायरमेंट के बाद पहली बार वे 2022 के बाद रॉड लेवर एरीना में नजर आएंगे। मेलबर्न पार्क में पहली बार आयोजित किया जा रहा यह विशेष ओपनिंग सेरेमनी 18 जनवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से एक दिन पहले होगी। इसमें फेडरर को विशेष सम्मान भी दिया जाएगा। फेडरर छह बार नॉर्मन ब्रूक्स ट्रॉफी जीत चुके हैं और उनके नाम कुल 20 ग्रैंड स्लैम खिताब दर्ज हैं। इस खास मुकाबले में फेडरर के साथ चार बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आंद्रे अगासी, ऑस्ट्रेलिया के पैट राफ्टर और लेटन हेविट भी कोर्ट पर उतरेंगे। फेडरर ने कहा, 'काफी समय पहले मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन को 'हैप्पी स्लैम' कहा था, और आज भी इस नाम को याद करके मुस्कान आ जाती है। मैंने रॉड लेवर एरीना पर कई तरह की भावनाएँ महसूस की हैं—छह बार 'नॉर्मन' उठाने की खुशी, खुद रॉड लेवर के सामने खेलने का सम्मान, दिग्गज प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ संघर्ष और ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों का अपार प्यार।' फेडरर ने कहा कि 2017 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतना उनके करियर का सबसे खास पलों में से एक है और 2018 में इसे दोहराना 'सपने जैसा' था।

### फिर से दंगल की दुनिया में उतरेंगी विनेश फोगाट, सन्यास खत्म करने का ऐलान

**जींद।** ओलंपियन और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने शुक्रवार को संन्यास वापस लेने का ऐलान करते हुए 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में खेलने की इच्छा जताई। राजनीति में एंट्री कर चुकी विधायक विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि लोग पूछते रहे कि क्या पेरिस अंत है। बहुत समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, प्रेशर से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपने सपनों से भी दूर जाने की ज़रूरत थी। मुझे अपने सफ़र के बोझ को समझने में समय लगा, उतार-चढ़ाव, दिल टूटना, त्याग, मेरे वो रूप जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा और कहीं न कहीं उस सोच में, मुझे सच पता चला, मुझे अब भी यह खेल पसंद है। मैं अब भी मुकाबला करना चाहती हूं। मैं ओलंपिक-2028 की ओर वापस कदम बढ़ा रही हूं। विनेश फौगाट ने सोशल मीडिया पर शेयर की पोस्टल में लिखा, इस बार मैं अकेली नहीं चल रही हूं, मेरा बेटा मेरी टीम में शामिल हो रहा है, मेरा सबसे बड़ा मोटिवेशन, ओलंपिक्स के इस रास्ते पर मेरा छोटा चीयरलीडर है।

### पुणे ग्रैंड टूर 2026: यूके, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, चीन, नीदरलैंड्स सहित कई देश होंगे शामिल

# भारत की पहली यूसीआई 2.2 रेस ने आकर्षित किए चार महाद्वीप, पुणे पर टिकी सबकी नजरें

**पुणे ■ एजेंसी**

भारत पहली बार यूनियन साइक्लिस्ते इंटरनेशनेल (यूसीआई) 2.2 श्रेणी की बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 (कॉन्टिनेंटल टीम्स मेन्स एलीट रोड साइक्लिंग रेस) की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। यह आयोजन न केवल भारतीय खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ने जा रहा है, बल्कि भारत को वैश्विक साइक्लिंग मानचित्र पर मजबूत उपस्थिति दिलाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम साबित होगा। 19 से 23 जनवरी तक होने वाली यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग सीज़न की औपचारिक शुरुआत करेगी।



पहले ही संस्करण में चार महाद्वीपों से 28 अंतरराष्ट्रीय टीमों ने भागीदारी में रुचि दिखाई है, जिनमें यूरोप, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका के शीर्ष साइक्लिंग राष्ट्र शामिल हैं। भारत 'इंडिया ए' और 'इंडिया बी' नाम से दो राष्ट्रीय टीमों को मैदान में उतारेगा, जबकि कुल 4 राष्ट्रीय टीमों और 24 कॉन्टिनेंटल टीमों की उपस्थिति इस आयोजन को विश्वस्तरीय बनाएगी।

इस ऐतिहासिक पहल का श्रेय पुणे जिला प्रशासन को जाता है, जिसे महाराष्ट्र सरकार से निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। चार चरणों की यह बहु-दिवसीय रेस कुल 437 किमी की दूरी तय करेगी, जो पुणे की आधुनिक शहरी संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और सह्याद्री की प्राकृतिक भव्यता का अनूठा मिश्रण प्रस्तुत करेगी। इस आयोजन का उद्देश्य साइक्लिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ पुणे के पर्यटन, पर्यावरणीय जागरूकता और बुनियादी ढांचे को भी सुदृढ़ करना है।

#### वैश्विक साइक्लिंग समुदाय में भारत की मजबूत उपस्थिति

पुणे ज़िलाधिकारी एवं पुणे ग्रैंड टूर के प्रभारी अधिकारी जितेंद्र डूडी ने कहा, 'पहले वर्ष में ही वैश्विक स्तर से मिले अद्भुत प्रतिसाद ने हमें अत्यधिक गौरवान्वित किया है। यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चीन, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे अग्रणी साइक्लिंग राष्ट्रों ने न केवल रुचि दिखाई है, बल्कि कई टीमों ने अपनी सहभागिता भी पक्की कर दी है। यूसीआई भारत में साइक्लिंग विकास को लेकर बेहद उत्साहित है। यह आयोजन पुणे को एक उभरते हुए अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग गंतव्य के रूप में स्थापित करने का बड़ा अवसर है, और हम इसे विश्वस्तरीय मानकों पर आयोजन करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।'

#### चार चरणों में होगी कठोर चुनौती

बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 के चार चरण अनुभवी साइक्लिस्टों की सीमाओं को चुनौती देने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं। यह रेस तेज़ रफ्तार फ्लैट सेक्शनों से लेकर कठिन पहाड़ी चढ़ाइयों और ऐतिहासिक स्थलों से गुजरने वाले मार्गों तक, विविध और रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी।

# अंडर-19 एशिया कप में वैभव सूर्यवंशी का तूफानी शतक, भारत ने यूएई के खिलाफ बनाए 433 रन

**दुबई ■ एजेंसी**

पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2025 की शुरुआत भारतीय टीम के तूफानी प्रदर्शन के साथ हुई, जहां मात्र 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने धमाकेदार बल्लेबाज़ी करते हुए 95 गेंदों पर 171 रन ठोक दिए। उनके इस विस्फोटक शतक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को आईसीसी एकेडमी ग्राउंड में खेले गए ग्रुप-ए मुकाबले में यूएई के खिलाफ 50 ओवर में 6 विकेट पर 433 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।



यूएई के कप्तान यायिन राई ने भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। हालांकि, भारत की शुरुआत खराब रही और कप्तान आयुष म्हात्रे सिर्फ 4 रन बनाकर तीसरे ओवर में आउट हो गए। इसके बाद सूर्यवंशी को एरॉन जॉर्ज का साथ मिला और दोनों ने मिलकर यूएई गेंदबाज़ों की जमकर खबर ली।

शुरुआती संभलकर खेलने के बाद सूर्यवंशी ने गियर बदला और आक्रामक मोड में जाते हुए मात्र 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने पारी के दौरान 9 चौके और 14 छक्के जड़ते हुए यूएई के गेंदबाज़ों पर कहर बरपाया। सूर्यवंशी ने अंडर-19 एशिया कप में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। यह रिकॉर्ड इससे पहले अफगानिस्तान के दरविश रसूली (10 छक्के, 2017) के नाम था।

सूर्यवंशी ने 56 गेंदों में शतक, 84 गेंदों में 150 रन पूरे किए और अंत में 95 गेंदों में 171 रन बनाकर रन आउट हुए। यह पारी युवा वनडे क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। पहला रिकॉर्ड 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ अंबाती रायुडू (177) के नाम है।

भारत की पारी में एरॉन जॉर्ज (69), विहान मल्होत्रा (69), वेदांत त्रिवेदी (38), अभियज्ञान कुंडु (32) और कनिष्क चौहान (28) ने भी अहम योगदान दिया। भारत ने यूएई को जीत के लिए 434 रन का विशाल लक्ष्य दिया है।

# डफी के पांच विकेट से वेस्टइंडीज धराशायी, न्यूजीलैंड ने दर्ज की डब्ल्यूटीसी चक्र की अपनी पहली जीत

**वेलिंगटन ■ एजेंसी**

वेलिंगटन टेस्ट के तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराकर 2025-27 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। तेज़ गेंदबाज़ जैकब डफी ने दूसरी पारी में घातक गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट चटकाए, जिसके चलते वेस्टइंडीज मात्र 128 रन पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड को मिले 56 रनों के लक्ष्य को टीम ने चाय से पहले ही हासिल कर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। वेस्टइंडीज इस चक्र में सात में से छह मैच हार चुकी है और अब भी जीत से दूर है।

तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह ब्रैंडन किंग (22) के रन-आउट से शुरू हुए विकेट पतन ने जल्द ही वेस्टइंडीज टीम को बैकफुट पर ला दिया। शाई होप उसी ओवर में आसान कैच दे बैठे, जबकि कप्तान रोस्टन चेज़ भी डफी की उछाल लेती गेंद का शिकार बने। कवेम हॉज (35) और जस्टिन ग्रीव्स (25) ने थोड़ी कोशिश जरूर की, लेकिन 31वें ओवर में हॉज का पुल शॉट सबस्टिट्यूट विल यंग ने बेहतरीन कैच में बदल दिया।

88/6 के बाद जीत की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी थी। डफी और रे ने मिलकर बाकी काम निपटा दिया। डफी ने 5-38 के



आंकड़े के साथ पारी खत्म की।

#### आसान रहा लक्ष्य का पीछा

लक्ष्य का पीछा करते हुए टॉम लैथम जल्दी आउट हुए, लेकिन डेवोन कॉनवे (28*) और केन विलियमसन (16*) ने टीम को 10 ओवर में ही जीत दिला दी। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 278/9 पर पारी घोषित की थी। वेस्टइंडीज पहली पारी में 205 रन ही बना सकी थी।

मैच के बाद न्यूजीलैंड कप्तान टॉम लैथम ने कहा, 'दूसरी पारी में गेंदबाज़ी बेहतर होती गई। डफी की परफॉर्मेंस शानदार रही।

' वेस्टइंडीज कप्तान रोस्टन चेज़ बोले, 'पिच बल्लेबाजी के लिए आसान थी, लेकिन हम फायदा नहीं उठा सके। ' दोनों टीमों के बीच तीसरा टेस्ट 18 दिसंबर से माउंट माउंगानुई में शुरू होगा।

#### संक्षिप्त स्कोर

**न्यूजीलैंड** 278/9 घोषित (हे 61, कॉनवे 60, फिलिप 3-70) और 57/1 (कॉनवे 28, विलियमसन 16)

**वेस्टइंडीज** 205 (होप 47, टिकनर 4-32) और 128 (हॉज 35, डफी 5-38, रे 3-45)

**नतीजा :** न्यूजीलैंड 9 विकेट से जीता



## संक्षिप्त समाचार

### रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को दो पैसे की गिरावट के साथ ही 90.52 पर बंद हुआ। आज सुबह कारोबार में रुपया 24 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.56 के नए निचले स्तर पर पहुंच गया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता एवं विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से भी निवेशकों की भावना प्रभावित होने से रुपया दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कीमती धातुओं की वैश्विक कीमतों में उछाल के बीच आयातकों द्वारा डॉलर की आक्रामक खरीद से भी रुपया पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी विनिमय मुद्रा बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.43 पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 90.56 पर लुढ़क गया जो पिछले बंद भाव से 24 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को 38 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 90.32 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की बढ़त के साथ 98.37 पर रहा।

### इंडिगो एयरलाइन सीसीआई की जांच के घेरे में

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) आंतरिक रूप से यह देख रहा है कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने प्रतिस्पर्धा नियमों का उल्लंघन किया है या नहीं। अधिकारी ने बताया कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है और जांच स्वतः संज्ञान के आधार पर की जा रही है। इंडिगो घरेलू बाजार में 65 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी रखती है। जांच में कंपनी के प्रभुत्व, विशेष मार्गों पर नियंत्रण और इसका दुरुपयोग-शोषणकारी या बहिष्करणकारी- जांचने पर ध्यान दिया जाएगा। प्रभुत्व में होना अपने आप में अपराध नहीं है, केवल इसका दुरुपयोग ही नियमों का उल्लंघन माना जाता है।

# ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती का रुख नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए थे। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा, जिसके करण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,901 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डेक ने 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,591.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 48,823.71 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,703.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,085.76 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 164.47 अंक यानी 0.68 प्रतिशत उछल कर 24,294.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजार में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजारों में इकलौता शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,871.78 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 100 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 26,126 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 28,124.94 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 361.49 अंक यानी 1.40 प्रतिशत उछल कर 25,892 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,575.90 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा निक्केई इंडेक्स 383.18 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,5240 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,138.50 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,653.01 के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.23 प्रतिशत उछल कर 1,256.47 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।





### सेबी ने प्रतिभूति बाजार के लिए नामांकन ढांचे का तीसरा चरण स्थगित किया

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रतिभूति बाजार के लिए नामांकन ढांचे के तीसरे चरण के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया है। यह चरण पहले 15 दिसंबर से प्रभावी होने वाला था। सेबी ने कहा कि नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। स्थगन का कारण डिपॉजिटरी और अन्य हितधारकों को परिचालन संबंधी चुनौतियों का सामना करना बताया गया है। सेबी ने रीट और इनविट की परिभाषा में संशोधन करते हुए यह स्पष्ट किया कि योग्य संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी) अब रणनीतिक निवेशक के रूप में आवेदन कर सकते हैं। इस श्रेणी में सरकारी वित्तीय संस्थान, पेंशन एवं भविष्य निधि, वैकल्पिक निवेश निधि, राज्य औद्योगिक विकास निगम, पारिवारिक ट्रस्ट और 500 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति वाले पंजीकृत मध्यस्थ शामिल हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड का 10,000 करोड़ रुपये का आईपीओ शुक्रवार से खुलने वाला है। इससे पहले ही 4,815 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। इसमें प्रमुख निवेशक झुनझुनवाला परिवार, मधुसूदन केला सहित कुल 26 निवेशक शामिल हैं। कंपनी ने 22,240,841 इक्विटी शेयरों का निजी प्लेसमेंट 2,165 रुपये प्रति शेयर की दर से किया।

### सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज की तेजी के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,19,860 रुपये से लेकर 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,01,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।



दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,30,910 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,30,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,30,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,20,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# 2026 में भारत लौटेगा सॉफ्टबैंक

## एआई स्टार्टअप्स में फिर बढ़ेगा निवेश

**मुंबई ■ एजेंसी**

जापान की दिग्गज निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक 2026 से एक बार फिर भारत में सक्रिय रूप से निवेश शुरू करने की तैयारी में है। सॉफ्टबैंक इनवेस्टमेंट एडवाइजर्स के एक मैनेजिंग पार्टनर ने कहा कि कंपनी भारत के अगले ग्रोथ साइकिल से बाहर रहने का कोई इरादा नहीं रखती। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर फर्म छोटे निवेश करके भी भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी बनाए रखेगी। पिछले तीन वर्षों में सॉफ्टबैंक द्वारा समर्थित आठ भारतीय कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट हुई हैं, जिनमें ताज़ा नाम मीशो का है। हालांकि इस अवधि में कंपनी ने नए निवेश से दूरी बनाए रखी और पिछले दो सालों में केवल फिनटेक स्टार्टअप जसपे में ही नई डील की। उनके अनुसार यह कदम एग्जिट मोड का संकेत नहीं है, बल्कि बाजार की परिस्थितियों में विवेकपूर्ण निवेश रणनीति का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि 2026 में सॉफ्टबैंक पूंजी लगाने को लेकर आश्वस्त है, क्योंकि अच्छी क्वालिटी वाले फाउंडर्स और एआई-केंद्रित स्टार्टअप्स की मजबूत पाइपलाइन तैयार हो चुकी है। कंपनी का मुख्य फोकस एआई कंज्यूमर ऐप्स, वीडियो एडिटिंग, हेल्थटेक और बी2बी एआई कंपनियों पर रहेगा।

# मानवाधिकार, संविधान और समाज पर विशेषज्ञ-प्रबुद्धजनों की परिचर्चा

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

टीवी 27 एवं भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन, एलएनसीटी कॉलेज के बैनर तले एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के सीएमसी हॉल में एक कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। विषय था मानवाधिकार, निर्माण और समाज। कार्यक्रम की शुरुआत टीवी 27 के प्रमुख श एस एन मालवीय जी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने मानवाधिकारों के महत्व पर ज़ोर दिया। राजन मेहता ने इस कॉन्क्लेव के पीछे के उद्देश्य को विस्तार से समझाया।

मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने इस दिन के महत्व और मानवाधिकार आयोग की भूमिका के बारे में बताया। अनुपम चौकसे ने एल एन सी टी यूनिवर्सिटी में समारोह आयोजित करने के लिए टीवी 27 और एल एन सी टी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि जनता के सामने आने वाले मुद्दों को जल्दी समाधान के लिए सही मंच पर संबोधित किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को ज्ञान हासिल करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने की सलाह दी।



पहले पैनल में अवधेश प्रताप सिंह, लालजी मिश्रा, एसके राउत, सुरेश तोमर, सुश्री। श्रद्धा तिवारी ने जेल में जुल्म, पुलिस डिपार्टमेंट में प्रॉब्लम, महिलाओं के खिलाफ जुल्म, आदिवासी महिलाओं की एजुकेशन के बारे में डिटेल में बात की। सुरेश तोमर ने आदिवासी लोगों के लिए एजुकेशन की इंपॉर्टेंस पर ज़ोर दिया ओर कहा सभी धर्म जाति समुदाय भाषा धार्मिक ग्रन्थ से पहले संविधान है संविधानसम्मत कार्य होंगे तो मानवाधिकार सुरक्षित रहेंगे।

**स्टूडेंट्स के उठाए सवालों का पैनलिस्ट्स ने अच्छे से जवाब दिया**-दूसरे पैनल में मिस आशा शुक्ला (पूर्व वाइस चांसलर), मिस्टर मुकेश कुमार साहू (डीन और डायरेक्टर विधि ), श्रीमती कला मोहन (सोशल एक्टिविस्ट), सुश्री शिखा छिब्बर (मानव अधिकार अधिवक्ता), सोमकुवर (पूर्व जेल अधीक्षक) शामिल हैं। साहू ने ज़ोर दिया कि स्टूडेंट्स को स्कूल लेवल पर ह्यूमन राइट्स के बारे में सिखाया जाना चाहिए। श्रीमती आशा शुक्ला ने अपनी व्याख्यान में लैंगिक समानता पर ज़ोर दिया। शिखा छिब्बर ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ कई क्राइम सही प्लेटफॉर्म पर रिपोर्ट नहीं किए जाते हैं। महिलाएं अपनी प्रॉब्लम शेयर करने में हिचकिचाती हैं। उन्हें इसे पब्लिक नोटिस में लाने में शर्म महसूस नहीं करनी चाहिए। कला मोहन ने बताया कि स्कूलों में कई अच्छी प्रैक्टिस फॉलो की जानी चाहिए और स्टूडेंट्स को बच्चों के खिलाफ ज़ुल्म के बारे में एजुकेट किया जाना चाहिए। माता-पिता को अपने बच्चों के साथ ज़्यादा समय बिताना चाहिए। लॉ स्टूडेंट को लोगों को ह्यूमन राइट्स के बारे में बताना चाहिए। सोमकुवर ने बताया कि आज के समय में जेल एक सुधार गृह है यह एक ऐसी जगह है जहाँ लोगों को न सिर्फ़ सज़ा मिलती है बल्कि अपनी गलतियाँ सुधारने का मौका भी मिलता है। महिला कैदियों के साथ सही बर्ताव होना चाहिए। जेल के कैदियों के बच्चों को पढ़ाई से दूर नहीं रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र ओझा ने ओर आभार प्रदर्शन बीएमए के मानद सचिव शंकरण ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर में वाहन प्रदूषण घटाने पर विचार के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने पर विचार के लिए 15 सदस्यों की समिति का शुक्रवार को गठन किया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) के प्रो. अशोक झुनझुनवाला को समिति का अध्यक्ष और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया को सह-अध्यक्ष बनाया गया है। यह समिति दो महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।
सीक्यूएम ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि दिल्ली-एनसीआर में हवा खराब होने की एक बड़ी वजह वाहनों से निकलने वाला धुआं है। इससे पीएम2.5, कार्बन मोनो ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइ और दूसरे प्रदूषक बढ़ जाते हैं, जो लोगों की सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक है। इसी वजह से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एक विशेषज्ञ समिति बनाई है, जो बताएगी कि वाहन प्रदूषण कैसे कम किया जाए। समिति में आईआईटी के प्रोफेसर, स्वास्थ्य विशेषज्ञ, ऑटो रिसर्च संस्थान, सरकारी अधिकारी और पर्यावरण संस्थाओं के विशेषज्ञ शामिल हैं।

### केंद्रशासित प्रदेश दमण और दीव में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**दमण।** केंद्रशासित प्रदेश दमण और दीव के दमण के धाभेल स्थित आठियावाड़ विस्तार में गुरुवार की देर शाम एक दुखद घटना घटी, जहां तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल छा गया है। सूत्रों के अनुसार चार बच्चे तालाब में नहाने पहुंचे थे, जब पानी में उतरते ही अचानक वे गहराई में चले गए। स्थानीय युवाओं ने तुरंत दौड़कर एक बच्चे को पानी से बाहर निकाल लिया। बाहर लाए गए बच्चे ने बताया कि उसके तीन साथी अभी भी तालाब में हैं। यह सुनते ही पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें तेजी से मौके पर पहुँचीं। जिला प्रशासन के अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे। फायर कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव तालाब से बाहर निकाले। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है कि तालाब में सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब के आसपास न चेतावनी बोर्ड लगे थे और न ही कोई सुरक्षा घेरा, जिस कारण यह बड़ी दुर्घटना हो गई। इस हादसे के बाद आठियावाड़ विस्तार में मातम पसरा हुआ है और मृत बच्चों के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाबों के किनारे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

### समय से पहले ऑफिस आने पर महिला को नौकरी से निकाला

**मेड्रिड।** आमतौर पर काम पर देर से आने पर नौकरी से निकाला जाना आम बात मानी जाती है, लेकिन स्पेन में एक महिला के साथ ऐसा हुआ जो समय से पहले ऑफिस आने के कारण नौकरी से हटाई गई। मामला एलिकांटे की एक डिलीवरी कंपनी का है, जहां एक महिला अक्सर सुबह 6:45 से 7:00 बजे के बीच काम पर पहुंचती थी, जबकि उसके अनुबंध के अनुसार शिफ्ट 7:30 बजे शुरू होती थी। महिला के जल्द पहुंचने की आदत से उसके प्रबंधक नाखुश थे। 2023 में उसे पहली बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन उसने प्रबंधन की इस अप्रत्यक्ष धमकी की परवाह किए बिना जल्दी आना जारी रखा। साल की शुरुआत में कंपनी ने उसे गंभीर कदाचार का आरोप लगाते हुए नौकरी से निकाल दिया। कंपनी का तर्क था कि इतनी जल्दी आने की वजह से उसके पास करने के लिए काम नहीं होता और इसलिए वह कंपनी के लिए योगदान नहीं दे रही थी। महिला ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दी।

### राहुल गांधी पर मानहानि मामले में सुनवाई टली, अगली सुनवाई 23 दिसंबर को

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बयानबाजी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एक मानहानि मामले की सुनवाई शुक्रवार को टल गई। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने समय लेने के कारण आज सुनवाई स्थगित हो गई। कोर्ट ने अब अगली सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तिथि तय की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह होनी थी, लेकिन अधिवक्ता के समय लेने के कारण सुनवाई टाल दी गई। अब 23 दिसम्बर को राहुल गांधी के अधिवक्ता गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह करेंगे।

# प्रदूषण की मार दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप तीन लागू, एजेंसियों को सख्ती के निर्देश

नई दिल्ली ■ एजेंसी

दिल्ली का एक्यूआई बढ़कर शनिवार सुबह 401 पहुंच गया। हालात बिगड़ने से रोकने के लिए सीएक्यूएम ने पूरे एनसीआर में ग्रैप चरण तीन लागू किया गया है। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों को कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।



दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 12 दिसंबर को शाम चार बजे 349 दर्ज किया गया था, जो रात के दौरान तेजी से बढ़ा और शनिवार सुबह 10 बजे 401 तक पहुंच गया। हवा की धीमी गति, स्थिर वायुमंडलीय स्थिति और प्रतिकूल मौसमीय कारकों के कारण प्रदूषण में बढ़ोतरी दर्ज की गई। प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए पूरे एनसीआर में जीआरएपी का चरण तीन लागू किया गया है। वायु गुणवत्ता के मौजूदा रुझान को देखते हुए और क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के उद्देश्य से, सीएक्यूएम की जीआरएपी उप समिति ने आज पूरे एनसीआर में जीआरएपी के चरण तीन के तहत निर्धारित सभी उपाय लागू करने का निर्णय लिया है। यह गंभीर वायु गुणवत्ता की श्रेणी (दिल्ली 401 से 450 के बीच) के अंतर्गत आता है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

यह एनसीआर में पहले से लागू चरण एक और चरण दो के उपायों के अतिरिक्त होगा। इसके अलावा, एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और अन्य संबंधित एजेंसियों को क्षेत्र में वायु गुणवत्ता के और अधिक बिगड़ने से रोकने के लिए निवारक उपायों को और सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली में प्रदूषण गंभीर स्तर (एक्यूआई 401-450) के बीच दर्ज किया गया, जिसके बाद पूरे एनसीआर में स्टेज तीन लागू हो गया।

### क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर हुई चर्चा

# भारत और ऑस्ट्रिया ने वियना में की द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रिया ने शुक्रवार को वियना में 8वीं विदेश कार्यालय परामर्श बैठक का आयोजन किया, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा की गई। दोनों पक्षों ने राजनीतिक संवाद, व्यापार और आर्थिक सहयोग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा जन-जन संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय (एमईए) के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने किया, जबकि ऑस्ट्रियाई पक्ष का नेतृत्व यूरोपीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संघीय मंत्रालय के विदेश मामलों के महासचिव निकोलस मार्सचिक ने किया।



विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, विदेश कार्यालय परामर्श के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण दायरे की व्यापक समीक्षा की। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों के साथ-साथ पारस्परिक हित के प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। चर्चा में राजनीतिक संवाद, व्यापार एवं आर्थिक सहयोग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और जन-संपर्क सहित कई क्षेत्र शामिल रहे। अंतरराष्ट्रीय और बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों के बीच सहयोग पर भी चर्चा हुई।

दोनों देशों के अधिकारियों ने नियमित आधिकारिक संवाद बनाए रखने तथा अगली विदेश कार्यालय परामर्श बैठक आपसी सहमति से सुविधाजनक समय पर नई दिल्ली में आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। इससे पहले अक्टूबर में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी ऑस्ट्रियाई समकक्ष बीट मीनल-रीसिंगर और ऑस्ट्रिया की जनता को उनके राष्ट्रीय दिवस पर बधाई दी थी तथा दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई थी। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बीट मीनल-रीसिंगर के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीट मीनल-रीसिंगर, ऑस्ट्रिया सरकार और वहां की जनता को उनके राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक बधाई। भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए तत्पर हूं। सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने बीट मीनल-रीसिंगर से मुलाकात की थी। इससे पहले, मई में उन्होंने टेलीफोन पर बातचीत कर ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई दी थी।दोनों नेताओं ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने और परमाणु ब्लैकमेल का कड़ा विरोध करने पर सहमति जताई। वार्ता के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने च्एक्सज् पर एक पोस्ट में कहा, च्ऑस्ट्रिया की विदेश मंत्री बीट मीनल-रीसिंगर के साथ हुई बातचीत की सराहना करता हूं। उन्हें उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस और परमाणु ब्लैकमेल के कड़े विरोध पर सहमति व्यक्त की। हमारे उत्कृष्ट द्विपक्षीय संबंधों और यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा हुई। भारत और ऑस्ट्रिया के बीच राजनयिक संबंध वर्ष 1949 में स्थापित हुए थे। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रिया की यात्रा की थी।

# पूर्वी तटीय रेलवे की बड़ी पहल: यात्रियों की सुरक्षा के लिए सोलर सीसीटीवी और ड्रोन तैनात



नई दिल्ली ■ एजेंसी

पूर्वी तटीय रेलवे (ईस्ट कोस्ट रेलवे) ने अपने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा से संचालित सीसीटीवी कैमरे और उन्नत निगरानी ड्रोन तैनात किए हैं। इसका उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाना, अनधिकृत प्रवेश को रोकना, दूर-दराज क्षेत्रों में निगरानी को सुदृढ़ करना तथा रेलवे संपत्ति और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

एक अधिकारी के बयान के अनुसार, जिन क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता सीमित है या नहीं है, वहां निर्बाध निगरानी सुनिश्चित करने के लिए पूर्वी तटीय रेलवे ने अपने तीनों मंडलों में संवेदनशील और परिचालन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर सौर ऊर्जा आधारित सीसीटीवी प्रणाली स्थापित की है। बयान में बताया गया कि वाल्टेयर मंडल में अनधिकृत प्रवेश संभावित क्षेत्रों और रेलवे यार्ड में 113 सोलर-पावर्ड सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि 115 अतिरिक्त कैमरों की खरीद प्रक्रिया जारी है। इसी प्रकार, खुर्दा मंडल में चिन्हित स्थानों पर छह सौर ऊर्जा आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और 1,027 अतिरिक्त कैमरों की खरीद का कार्य प्रगति पर है।

इस बीच, संबलपुर मंडल के अंतर्गत रणनीतिक और महत्वपूर्ण स्थानों पर 46 सोलर-बेस्ड सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। पूर्वी तटीय रेलवे ने कहा, च्इन सौर ऊर्जा संचालित सीसीटीवी प्रणालियों की स्थापना से यात्रियों और आम जनता को व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ेगी, अपराधों पर अंकुश लगेगा, अनधिकृत प्रवेश की घटनाओं में कमी आएगी और दूरस्थ क्षेत्रों में अधिक प्रभावी निगरानी संभव होगी।

रेलवे ने बताया कि ये कैमरे व्यस्त समय के दौरान बेहतर भीड़ प्रबंधन में सहायक होते हैं, आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करते हैं, घटना के बाद विश्लेषण को सुदृढ़ बनाते हैं और रेलवे कर्मचारियों की सुरक्षा बढ़ाते हैं। पूर्वी तटीय रेलवे ने कहा, च्यह पहल एक अधिक सुरक्षित और यात्रियों के अनुकूल रेलवे वातावरण उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। एक अन्य महत्वपूर्ण पहल के तहत, पूर्वी तटीय रेलवे ने हवाई निगरानी को बेहतर बनाने के लिए उन्नत ड्रोन भी तैनात किए हैं।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शिमला में करेंगे पार्टी कार्यालय का शिलान्यास

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शनिवार को शिमला में पार्टी के राज्यस्तरीय कार्यालय का शिलान्यास करेंगे।



हिमाचल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के दौरे को लेकर पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं और आम जनता में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में ऐसे लोकप्रिय और परिश्रमी नेता का आगमन, जिनके कुशल नेतृत्व में एनडीए ने बिहार में शानदार जीत दर्ज की, हम सभी के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। प्रदेश के लोग अपने नेता के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

राजीव बिंदल ने बताया कि शनिवार को शहर के बीचों-बीच स्थित ऐतिहासिक पीटरहॉफ परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां हजारों कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी जेपी नड्डा का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नड्डा यहां भाजपा के प्रस्तावित राज्यस्तरीय कार्यालय का शिलान्यास करेंगे और भूमि पूजन भी करेंगे। बिंदल ने मीडिया को बताया कि यह कार्यालय हिमाचल भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक संगठनात्मक केंद्र के रूप में विकसित होगा, जो आने वाले वर्षों में पार्टी को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता और आम जनता अपने लोकप्रिय नेता से मिलने को लेकर उत्साहित हैं। यह दौरा न केवल संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगा, बल्कि राज्य में 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले एक मजबूत राजनीतिक संदेश भी देगा।

बिंदल ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे पीटरहॉफ में आयोजित सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में शामिल होकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राजीव बिंदल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। बेरोजगार युवा आज भी सड़कों पर धरना दे रहे हैं। कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मी, अस्थायी और सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए आंदोलनरत हैं। किसान बदहाली से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने जनता को सपने दिखाकर सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन तीन वर्षों में एक भी संकल्प पूरा नहीं किया।

# नए फिजियोथेरेपी सेंटर का भव्य उद्घाटन कल

भोपाल ■ एजेंसी

एक नई और अत्याधुनिक चिकित्सा सेवा लेकर आपके बीच  नामक फिजियोथेरेपी, रिफ्लेक्सलोजी सेंटर जल्द ही शुरू होने जा रहा है। यह सेंटर दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं पुनर्वास की सुविधा प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस महत्वपूर्ण केंद्र का उद्घाटन विधायक भगवान दास सबनानी द्वारा दिनांक 14 दिसंबर को प्रात: 11 बजे भव्य रूप से किया जाएगा।

मरीजों को दर्द निवारण, आम चोटों, खेल संबंधित इंजरी, पोस्ट-ऑपरेशन पुनर्वास तथा न्यूरोलॉजिकल और ऑर्थोपेडिक रोगों के लिए विशेषज्ञ फिजियोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह सेंटर अत्याधुनिक तकनीकों और उपकरणों से लैस है, जहां अनुभवी और समर्पित फिजियोथेरेपिस्ट मरीजों को व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करेंगे।

आज के समय में जीवनशैली की बदलती आवश्यकताओं और बढ़ते तनाव के कारण अनेक लोग शारीरिक परेशानियों से जूझ रहे हैं।  का उद्देश्य रोगियों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिलाकर बेहतर जीवन जीने में सहायता करना है। यहाँ आने वाले प्रत्येक मरीज का विस्तृत परीक्षण करने के बाद उनकी समस्या के अनुसार विशेष थेरेपी प्लान तैयार किया जाएगा, जिससे वे जल्दी स्वस्थ हो सकें और पुन: अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट सकें।सेंटर की सेवाओं में मास्कुलर थेरपी, न्यूरो फिजियोथेरेपी, स्पोर्ट्स इंजरी थेरेपी, पोस्ट ऑपरेटिव पुनर्वास तथा दर्द प्रबंधन जैसी विभिन्न प्रकार की उपचार






विधियां शामिल हैं। इसके अलावा, यहां पर मरीजों को नियमित स्वास्थ्य सलाह और जीवनशैली प्रबंधन के उपाय भी बताए जाएंगे, जो उनके दीर्घकालीन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जाए ताकि वे जल्द से जल्द अपनी पूर्ण क्षमता में वापस आ सकें। सेंटर की टीम निरंतर मरीजों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और नवीनतम चिकित्सा विज्ञान के अनुसार सेवाएं प्रदान करती है। इस उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के सभी नागरिकों और स्वास्थ्य प्रेमियों को आमंत्रित किया जाता है ताकि वे इस सेवा के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बन सकें। नए सेंटर के शुभारंभ से इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा का एक नया अध्याय शुरू होगा, जो सभी के लिए एक आशा की किरण साबित होगा।

### पटना एयरपोर्ट से आज भी आठ फ्लाइट कैंसिल

# इंडिगो के यात्रियों की परेशानी अभी खत्म नहीं

*पटना ■ एजेंसी*

*पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर सी.पी. द्विवेदी ने कहा कि 15 दिसंबर तक कुछ उड़ानें तकनीकी कारणों से रद्द रहेंगी। यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए हेल्प डेस्क भी बनाया गया है।*

*पटना के जयप्रकाश नगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मंगलवार को इंडिगो एयरलाइंस की कई प्रमुख उड़ानें परिचालन कारणों से रद्द कर दी गईं। एयरपोर्ट प्रबंधन को भेजे गए आधिकारिक कैंसिलेशन लेटर में कुल आठ आगमन और प्रस्थान फ्लाइटें रद्द होने की पुष्टि की गई है। अचानक फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर सी.पी. द्विवेदी ने देशभर में इंडिगो प्रबंधन को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। कुछ विमानों में तकनीकी दिक्कतें आने उड़ानें प्रभावित हुई थीं। देश के सभी एयरपोर्ट पर ऐसी ही स्थिति है। हालांकि हालात काफी हद तक सामान्य हो चुका है। लेकिन, कुछ परेशानी अब भी है। इसलिए 15 दिसंबर तक कुछ उड़ानें तकनीकी कारणों से रद्द रहेंगी। इसी तरह पटना से प्रस्थान करने वाली इंडिगो की उड़ानें भी रद्द रहीं। रद्द प्रस्थान उड़ानों में 6श्व 6452 (बेंगलुरु के लिए, 20.45), 6श्व 6683 (हैदराबाद के लिए, 21ज्05), 6श्व 6550 (दिल्ली के लिए, 23.10) और 6श्व 679 (चेन्नई के लिए, 23.20) शामिल हैं। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार परिचालन कारणों से उड़ानें रद्द की गई हैं और यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी गई है। पटना एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, 12 दिसंबर को कुल 64 विमानों का आवागमन दर्ज किया गया। इस दौरान 32 विमान आगमन और 32 विमान प्रस्थान में शामिल रहे। यात्रियों की बात करें तो आगमन में 4,896 और प्रस्थान में 5,308 यात्रियों ने सफर किया।*




# दक्षिण अफ्रीका में ढहा चार मंजिला हिंदू मंदिर 2 लोगों की मौत और कई लोग मलबे में दबे

*जोहान्सबर्ग ■ एजेंसी*


दक्षिण अफ्रीका के डरबन के उत्तर में स्थित भारतीय बाहुल्य इलाके रेडक्लिफ में शुक्रवार दोपहर एक चार मंजिला मंदिर के अचानक ढह जाने से दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। कई अन्य लोगों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका है। पहली मौत उस मजदूर की हुई जो मंदिर की छत पर कंक्रीट डाल रहा था। जैसे ही कंक्रीट डाला गया, पूरी इमारत भरभरा कर गिर गई और कई लोग उसके नीचे दब गए।

मंदिर गिरने के बाद 54 वर्षीय एक भक्त की भी मौत हो गई। वह अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंचे थे। मगर घटना की खबर सुनकर वे मंदिर वाली खड़ी ढलान पर तेजी से चढ़े और वहां पहुंचते ही उन्हें भयंकर दिल का दौरा पड़ गया। पैरामेडिक्स उन्हें बचा न सके। रात करीब 12 बजे तक बचाव कार्य चलता रहा,



लेकिन खराब रोशनी और खतरे के कारण उसे रोक दिया गया। बचाव दल ने वादा किया है कि शनिवार सुबह सबसे पहले सूरज निकलते ही फिर काम शुरू करेंगे। मलबे में फंसे एक व्यक्ति का मोबाइल फोन शाम तक बजता रहा और उससे लोकेशन का अंदाजा लगाकर बचाव कार्य किया गया, लेकिन देर रात तक फोन बंद हो गया।

यह अभी पता नहीं चल सका है कि ठीक कितने मजदूर और मंदिर के अधिकारी मलबे में दबे हैं।




प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित । फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल ।मोबाईल नं. 9827054436 ।